वर्ष- 21 अंक - 252 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 25 फरवरी 2026

## सीहोर में अब होगा अंग्रेजों का पुराना हिसाब

**सीहोर.एजेंसी।** सीहोर के रूठिया परिवार ने दावा किया है कि उनके पूर्वज सेठ जुम्मा लाल रूठिया ने 1917 में ब्रिटिश हुकूमत को 35 हजार रुपये कर्ज दिए थे। अब 109 साल बाद परिवार ब्रिटिश क्राउन को कानूनी नोटिस भेजकर इस ऐतिहासिक कर्ज की वसूली की तैयारी कर रहा है।






# तिरंगे के रंग में नहाई इजराइल की संसद

**बुधवार ● एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज इजराइल दौरे पर जा रहे हैं। इजराइल में मोदी के स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाया गया है। इस दौरे के दौरान भारत-इजराइल के बीच 71 हजार करोड़ का रक्षा सौदा होगा। एयरपोर्ट पर इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनकी पत्नी मोदी की अगवानी करेंगे। इजराइली संसद नेसेट में मोदी का भाषण होगा। यह एक खास सम्मान है जो दुनिया के कुछ खास नेताओं को ही मिलता है। मोदी के दौरे के पहले इजराइल की संसद नेसेट को भारतीय झंडे के रंग में रोशन किया गया है।

***मोदी के लिए बिछा रेड कार्पेट, 71 हजार करोड़ का रक्षा सौदा होगा***

### इजरायली अखबारों में भी छाए मोदी

इजरायल के प्रमुख अखबार जेरूसलम पोस्ट ने अपने फ्रंट पेज पर प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को प्रमुखता से जगह दी है। अखबार ने हिंदी और हिब्रू में 'नमस्ते' को अपनी फ्रंट पेज हेडलाइन बनाई है और लिखा है, 'दो प्राचीन देश एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं'।

# ...तो भारत के हाथों मारे जाते पाक पीएम

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव कराए जाने हैं। चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज स्टेट ऑफ दी यूनियन को संबोधित कर रहे हैं। ट्रंप ने संबोधन के दौरान अपनी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया और साथ ही भावी नीतियां और अमेरिकी सरकार की योजनाओं को साझा किया। ट्रंप ने 8 युद्ध रुकवाने का दावा किया और कहा कि अगर मैं दखल नहीं देता को भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध हो सकता था, जिसमें पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की जान जा सकती थी।



## ट्रंप ने अब फोड़ा 126 प्रतिशत का टैरिफ बम

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगने के बावजूद ट्रंप ने भारत समेत इंडोनेशिया और लाओस जैसे देशों से आयातित सोलर एनर्जी प्रोडक्ट पर 126% टैरिफ लगाने का ऐलान किया।

## 91 मंजिल ऊंची इमारत बनाएगी ट्रंप की कंपनी

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कंपनी ट्रंप ऑर्गनाइजेशन ने ऑस्ट्रेलिया में एक विशाल गगनचुंबी 91 मंजिला इमारत बनाने का ऐलान किया है। इस 91 मंजिला इमारत का निर्माण अगस्त से शुरू होने की उम्मीद है।**

## पाकिस्तान में आतंकी हमले, 9 पुलिसकर्मियों सहित 11 की मौत

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान में दो अलग-अलग आतंकी हमलों में 11 लोगों की मौत हो गई। पंजाब प्रांत के भक्कर जिले में सुरक्षा चेक पोस्ट पर आत्मघाती हमले में चार सुरक्षाकर्मी मारे गए। वहीं खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट में पुलिस वाहन पर हुए हमले में पांच पुलिसकर्मियों समेत 7 लोगों की जान चली गई।

## 10वीं का पेपर देते वक्त छात्रा की मौत

**मुरैना.एजेंसी।** मुरैना में एमपी बोर्ड की परीक्षा दे रही छात्रा बेहोश होकर गिर पड़ी। स्कूल स्टाफ ने परिजन को फोन लगाया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन छात्रा को लेकर ग्वालियर के जयारोग्य हॉस्पिटल पहुंचे। यहां भी डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी।





# लाट साहब को पड़ेंगे जूते 92 मस्जिदों को ढंका

**शाहजहांपुर.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में दशकों पुरानी 'जूते मार होली' परंपरा के तहत बड़े और छोटे लाट साहब के जुलूस निकाले जाते हैं, जिनमें प्रतीकात्मक रूप से लाट साहब को जूते-झाड़ू से पीटा जाता है। सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन ने जुलूस मार्ग की 92 मस्जिदों-मजारों को तिरपाल से ढंक दिया है।

शहर में बड़े लाट साहब और छोटे लाट साहब के प्रमुख जुलूस निकलते हैं, जिनमें एक व्यक्ति को अंग्रेजों के प्रतीक 'लाट साहब' के रूप में भैंसा गाड़ी पर बैठाकर जूते और झाड़ू से प्रतीकात्मक रूप से पीटा जाता है।

## लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े वकील की गाड़ी पर फायरिंग

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में एक कार पर फायरिंग की हुई। घटना के समय वाहन में 5 लोग सवार थे, जिनमें से एक घायल हो गया। वाहन में सवार लोगों में से एक वकील है, जो लॉरेंस बिश्नोई की कानूनी टीम का हिस्सा होने का दावा कर रहा है।

## आग का गोला बना विमान, पायलट की मौत

**इस्तांबुल.एजेंसी।** तुर्की के बालिकेसिर इलाके में वायुसेना का एक एफ-16 फाइटिंग फाल्कन लड़ाकू विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे के बाद जोरदार धमाका हुआ और विमान आग के गोले में बदल गया। इस दुर्घटना में पायलट की मौत हो गई है।

## मायावती ने घोषित किया पहला प्रत्याशी

**कोलकाता.एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने 2027 विधानसभा चुनाव के लिए पहले ब्राह्मण प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। मायावती ने जालौन की माधौगढ़ सीट से आशीष पांडेय को प्रत्याशी बनाया।

## नाथद्वारा पहुंचा अंबानी परिवार, श्रीनाथजी के किए दर्शन

**राजसमंद.एजेंसी। कोकिला बेन अंबानी ने 92वें जन्मदिन पर पूरे अंबानी परिवार के साथ श्रीनाथजी के दर्शन किए। इस अवसर पर परंपरागत विधि-विधान से पूजन हुआ और परिवार ने आशीर्वाद लेकर जन्मदिन को धार्मिक माहौल में मनाया।**

## पत्नी व तीन बच्चों की हत्या

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या से हड़कंप मच गया। यहां एक महिला और उसके तीन बच्चों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि महिला के पति ने ही इस वारदात को अंजाम दिया।



## 70 साल का दूल्हा 22 साल की दुल्हन

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान में 70 वर्षीय हकीम बाबर ने 22 साल की युवती से निकाह किया है। अब ये दोनों नीदरलैंड्स में हनीमून मनाने का प्लान कर रहे हैं।



## एक जैसे दूल्हे, एक जैसी दुल्हनें

**हैदराबाद.एजेंसी।** तेलंगाना के कामारेड्डी में जुड़वां भाइयों ने जुड़वां बहनों के साथ एक ही मंडप में सात फेरे लिए। चारों की एक जैसी शक्ल-सूरत ने इस पल को इतना खास बना दिया कि मेहमानों के लिए जुड़वां दूल्हा-दुल्हन में फर्क करना भी मुश्किल हो गया।

# दो महापौर के बीच चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



महापौर पुष्यमित्र भार्गव मुंबई पहुंचे वहां उन्होंने मुंबई की महापौर ऋतु तावड़े और उपमहापौर संजय घाडी से मुलाकात कर शहरी विकास से जुड़े अनेक विषयों पर सार्थक चर्चा की। निगम की नागरिक पत्रिका और इंदौरी झोला भी भेंट किया। इंदौर और मुंबई के बीच शहरी स्वच्छता प्रबंधन, कचरा पृथक्करण व रिसाइक्लिंग, स्मार्ट सिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर, यातायात प्रबंधन, नगर प्रशासन की आधुनिक तकनीकें, नाइट-टाइम इकोनॉमी, शहर ब्रांडिंग और नागरिक सेवाओं के डिजिटलीकरण जैसे कई क्षेत्रों में संभावित एमओयू पर भी अनौपचारिक चर्चा हुई। इंदौर के संजीवनी क्लिनिक मॉडल और योग मित्र अभियान ने भी मुंबई प्रशासन की विशेष रुचि आकर्षित की। इसी क्रम में महापौर ऋतु तावड़े ने जल्द ही इंदौर आकर शहर की स्वच्छता व्यवस्था, कचरा प्रबंधन तकनीक, नागरिक सहभागिता आधारित योजनाएँ और शहरी सौंदर्यकरण मॉडल का अध्ययन करने की इच्छा जताई। दोनों शहरों के महापौर ने माना कि तेजी से बढ़ते शहरी भारत में महानगरों के बीच ज्ञान-साझेदारी और संयुक्त पहलें भविष्य की आवश्यकता हैं। यह मुलाकात न केवल दोनों शहरों के बीच संबंधों को और मजबूत करती है, बल्कि इंदौर-मुंबई को साझा विकास के नए अध्याय से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण शुरुआत भी साबित होती है।



## सिंधिया ने की घायल बिन्दु से चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गांधी भवन क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस के बीच विवाद और पथराव में घायल हुई बिन्दु चौहान से फोन पर चर्चा की और कहा कि हमले की निंदा करता हूं, आप बहादुर हो, आप जल्द ठीक हो। उल्लेखनीय है कि बिन्दु चौहान अस्पताल में दाखिल हुई थी और उनसे मुलाकात करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं अस्पताल पहुंचे थे और अब केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने भी फोन पर चर्चा की।



## तोमर-विजयवर्गीय की मुलाकात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर से उनके भोपाल कक्ष में सौजन्य भेंट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने की। कई विषय पर संवाद भी किया गया।



## भाजपाई ने किया बच्चों के बीच सेवाकार्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के अवतरण दिवस पर आंगनवाड़ी चांदमारी परिसर पहुंचकर भाजपा ओबीसी मोर्चा नगर महामंत्री जीतू कुशवाह ने सेवाकार्य में बच्चों को खाद्य सामग्री का वितरण किया। जीतू कुशवाह, बाबू कुशवाह, आदर्श सचान, दिलीप मौर्य, सोनू मालवीय, उदित जाट, मनु तिवारी, सरोज सिसोदिया सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपाइयों का चल रहा है सहयोग निधि एकत्रिकरण अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



प्रदेश भाजपा ने सभी जिला और नगर को आजीवन सहयोग निधि एकत्रीकरण के निर्देश दे रखे हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा के नेतृत्व में विधानसभा और मंडल अनुसार कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर समर्पण राशि एकत्रित कर रहे हैं। देपालपुर विधानसभा के बेटमा नगर में भी राशि जुटाने का कार्य किया गया।

श्रवणसिंह चावड़ा, विनोद चंदानी, गोपालचंद सोनी, रामस्वरूप गेहलोत, सोहन पटेल, धर्मवीरसिंह चौहान, नीलेश उपाध्याय, मूलचंद शर्मा, गुमानसिंह पंवार, मलखानसिंह चौहान, दिनेश गर्ग उपस्थित थे।



# बागड़ी ने की राहुल गांधी से चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी कल किसान सम्मेलन के लिए भोपाल आए थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में उद्योग व व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द बागड़ी ने राहुल गांधी जी से चर्चा कर बताया अमेरिका की कई ट्रेड डील दबाव मे की गई। भारत देश की इंडस्ट्री और टेक्सटाइल सेक्टर पर खतरा हैं। अमेरिका से कपास व अन्य सामान सस्ते मे आएंगे तो स्थानीय उद्योग कमजोर हो जाएंगे।

# राहुल गांधी ने विपिन वानखेडे से जानी भाजपाई हमले की दास्तान

## जिलाध्यक्ष ने हिंसा की पूरी खबर बताई, नेता प्रतिपक्ष ने कहा-हम भाजपाइयों से मुकाबला करेंगे मैं तुम्हारे साथ हूं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



कल भोपाल में किसान मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। इस बडे कार्यक्रम के बडे मंच पर प्रदेश के दिग्गज नेता बैठे हुए थे। राहुल गांधी को प्रदेशभर के कांग्रेस कार्यालय पर युवा मोर्चा द्वारा प्रदर्शन की जानकारी दी जा चुकी थी और यह भी बताया गया था कि इन्दौर के कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर भाजपाइयों ने पथराव किया था और उसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे को पत्थर लगा था और वे दो दिनों तक अस्पताल में दाखिल रहे। राहुल गांधी ने मंच पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे को अपने पास बैठाया और पहले उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और फिर स्वास्थ्य की जानकारी ली और गांधी भवन पर हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। राहुल गांधी ने विपिन वानखेडे से कहा कि हम सब मिलकर नफरती लोगों से मुकाबला करेंगे। राहुल ने विपिन वानखेडे से कहा कि मैं तुम्हारे साथ हूं, डरना नहीं। राहुल गांधी और विपिन वानखेडे की बात को बडे गौर से प्रदेश के सारे बडे नेता देखते रहे। राहुल गांधी की दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी भी बैठे हुए थे वे भी बडे गौर से पूरी बात को सुन रहे थे।



## जनसंघ और भाजपा का प्रचार करने वाले नागर का निधन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के लिए बाजार, गली और बस्तियों में रिक्शा व तांगा में बैठकर प्रचार करने वाले चतुर्भुज नागर का निधन हो गया। संघ के कई संगठनों के लिए भी उन्होंने काम किया। उनके पिता छोटेलाल नागर एवं काका गणपतलाल नागर भी संघ के प्रचारक रहे।



## आप में कमल गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश इकाई में 153 लोगों की इकाई बनाकर घोषणा की। अभिभाषक कमल गुप्ता को प्रदेश आम आदमी पार्टी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया और उन्हें प्रभार भी सौंपा गया। मुकेश उपाध्याय को उपाध्यक्ष साथ में नियुक्त किया। सतीश मलिक, अरुण बापट, शैली राणावत, अनुराग यादव, संजीव वैद, इंदर विक्रम सिंह रमेश मंगलानी ने बधाई दी है।

# बैंकर्स, उद्योग प्रतिनिधि और अधिकारियों की मौजूदगी में सांसद ने ली बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कलेक्टर कार्यालय में सांसद शंकर लालवानी की मौजूदगी में बैंकर्स, प्रशासनिक अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कारोबार के लिए आसान ऋण, सब्सिडी योजनाओं की वास्तविक स्थिति, अनक्लेम्ड अमाउंट तथा वित्तीय साक्षरता जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। अनक्लेम्ड अमाउंट, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना और वित्तीय साक्षरता पर भी समीक्षा के साथ चर्चा की गई। कलेक्टर शिवम वर्मा, सांसद शंकर लालवानी, प्रमोद डफरिया, श्रेष्ठा गोयल, सिद्धार्थ जैन, मोनिका कटारे ने विचार व्यक्त किए।





# शूटिंग के लिए सुबह से खुली सुभाष चौक की दुकानें

## राहगीरों का लगा मजमा, रास्ते किए बंद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शहर में कई ऐतिहासिक इमारतें है, जिनमें पिक्चर, विज्ञापन और ओटीटी प्लेटफार्म के सीरियल के लिए शूटिंग होती है। आज सुबह से सुभाष चौक पार्किंग में बनी दुकानों के बाहर विज्ञापन की शूटिंग की जा रही है। इसके लिए मार्केट आज सुबह से खुल गया। पार्किंग के बाहर मजमा भी लगा हुआ है।**

सुभाष चौक पार्किंग के बाहर आज सुबह से शूटिंग के लिए टीम पहुंच गई थी। व्यापारियों को पहले ही इसकी सूचना मिल चुकी थी इसलिए आज सुबह जल्दी अपनी-अपनी दुकानों पर पहुंचे और उन्हे खोला और शूटिंग करने आई टीम के निर्देशन में दुकान का डिस्प्ले किया। शूटिंग करने आई टीम ने अपने स्टैप की बिछात सडक पर की थी जिससे रास्ता बंद हो गया। बताया जा रहा है कि आईपीएल मैच के दौरान प्रसारित होने वाले किसी विज्ञापन के लिए यह शूटिंग की जा रही है। कुछ लोग जब यहां से गुजरे तो वे समझ ही नहीं पाए कि आखिर आज सुबह से यहां हो क्या हो रहा है। कई राहगीरों ने मजमा खडा कर दिया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पीड़ा को लेकर लिखा खुला पत्र

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

***पटवारी, चौधरी, नायडू को लिखी दर्द भरी पाती, बड़े नेताओं ने नहीं जाने घायल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाल, फोन तक नहीं लगाया, जबकि मुख्यमंत्री अपनी कार्यकर्ता से मिलने अस्पताल पहुंच गए थे***

देवेन्द्रसिंह यादव सालोसाल से राजीव विकास केन्द्र भी कांग्रेस के लिए समानान्तर चला रहे हैं। इस बार शहर कांग्रेस में 51 पदाधिकारी कुल रहना है। इनमें भी संगठन महामंत्री की नियुक्ति हो चुकी है और कोषाध्यक्ष पर शैलेष गर्ग की नियुक्ति की जाना है। शहर कांग्रेस में कार्यवाहक अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं होना है, इसका आभास भी देवेन्द्रसिंह यादव को पता है, अब इसी दर्द को लेकर देवेन्द्रसिंह यादव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पीड़ा अपने दर्द के साथ उठाई और एक खुला पत्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, सहप्रभारी उषा नायुड को पाती के रूप में भेजा।

इस पाती में गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय में घटना घटित हुई उसमें 9 कार्यकर्ताओं के घायल होने और 20 पर प्रकरण दर्ज होने का जिक्र है। देवेन्द्रसिंह यादव ने कहा कि प्रदेश के बड़े नेताओं की भाजपाइयों के गांधी भवन हमले के मामले में चुप्पी रही, जबकि भाजपाइयों का हमला गांधी भवन पर नहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आत्म सम्मान पर हमला था। बड़े नेताओं ने घायल कांग्रेस कार्यकर्ता और जिन पर प्रकरण दर्ज हुआ उनको एक फोन करना भी उचित नहीं समझा।

अस्पताल जाकर भी संगठन के बड़े नेताओं ने कोई पूछताछ नहीं की, क्या प्रदेश नेतृत्व की जिम्मेदारी सिर्फ बैठक और बयानबाजी तक ही सीमित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव घायल महिला कार्यकर्ता से अस्पताल मिलने पहुंच गए, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी फोन पर घायल भाजपा नेत्री से चर्चा की और इधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मौन साधे रखा, कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी भी चुप रहे, यह मौन कई सवाल खड़े करता है। बड़े नेताओ की यह चुप्पी केवल निराशाजनक नहीं, बल्कि आहत करने वाली है। यदि आज भी हम अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़े नहीं होंगे, तो कल कौन हमारे साथ खड़ा होगा। यादव ने पत्र में लिखा कि प्रदेश नेतृत्व तत्काल घायलों से मिले और हमले के दोषियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर कार्रवाई करें। अभी भी कांग्रेस कार्यकर्ता विपरित परिस्थिति में चट्टान की तरह खड़ा है। कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मान चाहता है, सहानुभूति नहीं। अगर अभी भी वरिष्ठ नेता चुप्पी नहीं तोड़ेंगे है तो कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता इस चुप्पी को ऐतिहासिक रूप से याद रखेगा। कुल मिलाकर देवेन्द्रसिंह यादव ने कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं का दर्द बड़े नेताओं के समक्ष इस पत्र के माध्यम से झलका दिया।

# कैग रिपोर्ट पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवएदी ने कहा कि मप्र में सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों तथा सरकारी अधिकारियों पर कैग द्वारा जो रिपोर्ट जारी की गई है वह मप्र में भाजपा सरकार की कथनी-करनी एवं कागजी खेल को उजागर करती है। इंदौर जैसे शहर में मप्र विकास अधिनियम की धज्जियां उड़ाई गई। हजारों बैसमेंट बनाए गए हैं नियमों के विपरित, तो शासकीय विभागों में गुणवत्ता से परे काम किए गए थे। शासकीय विभागों में टेंडर से लेकर भुगतान तक नियमों से परे किया गया है। सरकारी योजनाओं को लागू करने में देरी करने से सरकार को करोड़ों का राजस्व नुकसान हुआ है। भाजपा सरकार के मंत्री बताएं कि कैग कि रिपोर्ट गलत है। केंद्र सरकार ने मप्र की भाजपा सरकार को बदनाम करने खातिर झूठी रिपोर्ट जारी करवाई है। कैग की रिपोर्ट में हर घर नल जल योजना एवं मनरेगा पर उंगली उठाई गई है। पंचायत राज पर आरोप लगाया गया है तो दुध उत्पादन और बिक्री पर भी, व्दिवेदी ने सवाल उठाया भाजपा अब सिद्ध करें कि कैग की रिपोर्ट ग़लत है या सिद्ध करें कि केंद्र में मोदी सरकार नहीं है। कांग्रेस हमेशा तथ्यात्मक जानकारी रखकर आरोप प्रत्यारोप लगाती है और कांग्रेस के आरोप कैग रिपोर्ट ने प्रमाणित की है। उक्त पूर्ण जानकारी प्रमोद द्विवेदी ने दी।

# एमसीएक्स चांदी में बढ़े आज 7 हजार रु.

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** चांदी के भाव में लगातार उतार-चढ़ाव चल रहे हैं, आज भी चांदी सुबह मार्केट खुलने के बाद से 10.45 बजे तक करीब 7 हजार रु. किलो ऊंचाई की ओर बढ़ गई थी, जबकि हाजर में चांदी के भाव दोपहर 1 बजे बाद खुलते हैं। आज एमसीएक्स पर चांदी का भाव 2 लाख 67 हजार 700 रहा और जब चांदी हाजर नकद लेन-देन का मार्केट बंद हुआ था तब 2 लाख 63 हजार 500 रु. थे। हाजर के भाव दोपहर 1 बजे बाद शुरू होते हैं। वहीं सोना आज सुबह करीब 1 लाख 61 हजार प्रति 10 ग्राम पहुंच गया था। कल सोने का हाजर भाव 1 लाख 58 हजार 400 पर बंद हुआ था, सोने का हाजर भाव भी दोपहर 1 बजे बाद मार्केट से शुरू होता है।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कल अपने तुलसी नगर निवास पर सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया था। इसके पूर्व वे भोपाल भी किसान सम्मेलन में शामिल



होने पहुंचे थे। कल इनके सम्मान का आयोजन सदाशिव यादव काका, हुकुमचंद जादम सेनी, बब्बू यादव, दीपेश यादव ने किया। अन्य आयोजन में संगठन महामंत्री दौलत पटेल, कोषाध्यक्ष हितेश यादव, सरफराज अंसारी ने भी स्वागत किया।

## निगम ने लगाए कर वसूली के लिए शिविर



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम ने सम्पत्ति कर, जलकर और अन्य करों को लेकर उगाई तेज कर रखी है। छोटे-छोटे भुगतान बाकी होने पर भी जगह सील करने के नोटिस दिए जा रहे हैं। लगातार क्षेत्रीय बिल कलेक्टर पहुंचकर भुगतान लेने की कोशिश कर रहे हैं। आज से निगम ने समस्त जोनल कार्यालय, निगम मुख्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय सहित अन्य जगह पर विशेष कर संग्रहण शिविर कैम्प-डे के रूप में आयोजित किए हैं। निगम का कहना है कि शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक करदाताओं को एक ही दिन में सुविधा उपलब्ध कराकर उनके बकाया संपत्ति कर, जलकर एवं अन्य देयकों का त्वरित निराकरण करना है। शिविर के दौरान करदाताओं की समस्याओं का समाधान, बकाया राशि की जानकारी, कर निर्धारण से संबंधित मार्गदर्शन एवं ऑन-द-स्पॉट भुगतान की व्यवस्था उपलब्ध है।

# भाजपा के टीनू जैन ने कांग्रेस के भोपाल आयोजन को फ़्लाप शो बताया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भारतीय जनता पार्टी के सह मीडिया प्रदेश प्रभारी दीपक जैन 'टीनू' ने कल भोपाल में आयोजित कांग्रेस की सभा को 'राजनीतिक पाखंड' और 'गुमराह करने वाली नौटंकी' करार दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और जीतू पटवारी की तिकड़ी ने आज फिर साबित कर दिया कि कांग्रेस के पास न तो कोई नीति है और न ही किसानों के प्रति कोई नीयत। कांग्रेस का 'इवेंट मैनेजमेंट', शुद्ध 'राजनीतिक तमाशा' है, कांग्रेस के कल के भोपाल आयोजन को टीनू जैन ने पूरी तरह फ्लाप शो बताया। कहा कि राजनीतिक पर्यटन पर आए राहुल गांधी मध्य प्रदेश के किसानों के पसीने का अपमान न करें, झूठ की खेती करने वाली कांग्रेस को किसान ही देंगे करारा जवाब। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र का किसान 'अन्नदाता' से 'भाग्यविधाता' बना। जैन ने कहा कि कांग्रेस झूठे वादों की जननी है, पूर्व में भी इसी कांग्रेस ने 10 दिनों में कर्जमाफी का वादा कर किसानों के साथ धोखाधड़ी की थी। आज ये किस मुंह से किसानों के हित की बात कर रहे हैं? कांग्रेस की रीति-नीति हमेशा से 'फूट डालो और राजनीति करो' की रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अनुभव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तत्परता ने मध्य प्रदेश को कृषि क्षेत्र में 'स्वर्ण युग' में पहुँचाया है। भावंतर भुगतान योजना से लेकर सरसों के किसानों को विशेष राहत देने तक, भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों की जेब में पैसा पहुँचाया है। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कृषि की उन्नति प्रगति की नई कहानी लिख रही है, इसीलिए आज मप्र का किसान रिकॉर्ड तोड़ पैदावार कर रहा है। दीपक जैन 'टीनू' ने स्पष्ट किया कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों के हितों की रक्षक है। ट्रेड डील को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम कांग्रेस की हताशा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय किसानों की संप्रभुता को सुरक्षित रखा है।

# ज़मीन के लालच में कलयुगी बेटे ने पिता पर किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**गौतमपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गिरोता में संपत्ति के विवाद में एक बेटे द्वारा अपने ही बुजुर्ग पिता को लहूलुहान करने का मामला प्रकाश में आया है। शराब के नशे में धुत छोटे बेटे ने अतिरिक्त ज़मीन की मांग को लेकर अपने 71 वर्षीय पिता पर लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल पिता की शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक फरियादी देवजी बोडाना (71) पेशे से किसान हैं और वर्तमान में अपनी पुत्री चंद्रकला के साथ रहते हैं। देवजी के दो बेटे बलराम और जितेन्द्र हैं, जिनके बीच पूर्व में ही संपत्ति का बंटवारा हो चुका है और वे अपने अलग परिवारों के साथ रहते हैं। आरोप है कि छोटा बेटा जितेन्द्र बंटवारे से संतुष्ट नहीं है और अक्सर शराब के नशे में अपने पिता से और ज़मीन देने की ज़िद करते हुए विवाद करता है। घटना वाले दिन दोपहर करीब 3 बजे, जब देवजी अपने घर के सामने बैठे थे, तभी जितेन्द्र वहां पहुँचा और ज़मीन में और हिस्सेदारी की मांग करते हुए गालियां देने लगा। जब वृद्ध पिता ने उसे समझाने और गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने पास ही पड़ा एक लकड़ी का डंडा उठाया और पिता के सिर व ललाट पर ज़ोरदार वार कर दिए। हमले में देवजी को गंभीर चोटें आईं और उनका सिर फट गया। शोर सुनकर उनकी पुत्री चंद्रकला बाई और रेशम बाई ने मौके पर पहुँचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहाँ से भाग निकला। घायल अवस्था में पीड़ित अपने दामाद के साथ थाने पहुँचे और मामला दर्ज कराया।



## निगम ने कई जगह किया पेचवर्क

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

निगम ने कल कई जगह डामरीकरण का पेंचवर्क किया। राजवाड़ा क्षेत्र से लेकर धार रोड पर भी पेंचवर्क किए। कई जगह सीमेंट की रोड पर भी यह डामरीकरण के पेंचवर्क हुए हैं।

# पति की गैरमौजूदगी में घर आए दोस्त ने की अश्लील हरकत

**विरोध करने पर महिला और बच्चों को दी जान से मारने की धमकी**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**एमआईजी थाना क्षेत्र में मानवता और दोस्ती को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहाँ एक शख्स ने अपने ही दोस्त की पत्नी के साथ उस वक्त बदसलूकी की, जब उसका दोस्त घर पर मौजूद नहीं था। आरोपी ने न केवल महिला के साथ अश्लील हरकत की, बल्कि शोर मचाने पर उसे और उसके मासूम बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।**

पीड़िता ने पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसके पति काम के सिलसिले में शहर से बाहर गए हुए थे। घटना वाले दिन उसके पति का दोस्त अंकित पाल, जो मूल रूप से अशोक नगर का निवासी है और वर्तमान में रोबोट चौराहे के पास रह रहा है, उनके घर पहुँचा। पीड़िता अंकित को लंबे समय से जानती थी, इसलिए उसने सम्मान के तौर पर दरवाजा खोला और उसे घर के अंदर बैठाकर चाय-नाश्ता कराया। महिला जब नाश्ते के बर्तन उठाने लगी, तभी अंकित ने उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। अचानक हुए इस हमले से महिला घबरा गई और उसने विरोध करते हुए खुद को छुड़ाया। जब महिला ने शोर मचाने की कोशिश की, तो आरोपी अंकित जाते-जाते उसे धमकी देकर गया कि यदि उसने इस बारे में किसी को भी बताया, तो वह उसे और उसके दोनों बच्चों को जान से खत्म कर देगा। डरी-सहमी महिला ने पति के लौटने पर उन्हें पूरी बात बताई, जिसके बाद एमआईजी पुलिस थाने पहुँचकर आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया।

# चलती गाड़ी से पोलियो वैक्सीन चोरी करने का प्रयास

## सेंसर बजने पर घबराए बदमाश तो सड़क पर फेंकीं 4600 शीशियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

क्षिप्रा थाना क्षेत्र में इंदौर-देवास रोड पर बीती रात अज्ञात बदमाशों ने पोलियो वैक्सीन ले जा रहे एक ट्रक में चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। बदमाशों ने चलती गाड़ी का दरवाजा खोल दिया, जिससे ट्रक का डोर सेंसर अलार्म बज उठा। चालक की मुस्तैदी और अलार्म के कारण बदमाश माल तो नहीं ले जा सके, लेकिन उनके द्वारा सड़क पर फेंके गए बॉक्स के कारण 4,600 से अधिक वैक्सीन की शीशियां टूटकर बर्बाद हो गईं।

पुलिस के मुताबिक, घटना रात करीब 2:50 बजे ग्राम राऊखेड़ी स्थित सेंटर पॉइंट ब्रिज के पास की है। फरियादी बलविंदर सिंह निवासी पठानकोट, पंजाब ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह इंदौर एयरपोर्ट से 'हाफकिन बायो फार्मा लिमिटेड' कंपनी की पोलियो वैक्सीन का माल अपने ट्रक एमएच-02 एफएक्स-8519 में भरकर जबलपुर और भोपाल के लिए रवाना हुआ था। जैसे ही ट्रक मांगलिया टोल पार कर सर्विस रोड पर पहुँचा, अचानक केबिन में डोर सेंसर का अलार्म बजने लगा। चालक को तुरंत आभास हो गया कि चलती गाड़ी में पीछे से कोई चढ़ा है और माल चोरी करने की नीयत से दरवाजा खोला गया है। डर के मारे चालक बलविंदर ने ट्रक की रफ्तार बढ़ा दी। इस दौरान ट्रक पर चढ़े बदमाशों ने चोरी के उद्देश्य से थर्माकोल के कई बॉक्स नीचे फेंक दिए। सड़क पर गिरने और पीछे से आ रहे अन्य वाहनों के पहियों के नीचे आने के कारण कुल 4,600 कांच की शीशियां टूट गईं, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। चालक ने हिम्मत दिखाकर गाड़ी नहीं रोकी, जिसके बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। क्षिप्रा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और हाईवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।

# शादी से मना करने पर सिरफिरा आशिक बना दुश्मन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**युवती को फोन पर धमकाया, दोस्तों और परिवार को मैसेज कर किया बदनाम**

विजयनगर थाना क्षेत्र में एक युवती को परेशान करने और उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने का मामला सामने आया है। राजस्थान के बारां जिले के रहने वाले एक युवक ने दोस्ती टूटने के बाद युवती का जीना दूभर कर दिया। आरोपी न केवल नए नंबरों से फोन कर युवती को धमका रहा है, बल्कि उसके परिजनों और सहेलियों को भी आपत्तिजनक मैसेज भेजकर उसे बदनाम कर रहा है।

पुलिस के मुताबिक, 20 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी यशवन्त नामा निवासी जिला बारां (राजस्थान) के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।कुछ समय पहले पीड़िता की जान पहचान आरोपी यशवंत से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती थी, लेकिन जल्द ही आरोपी ने युवती पर शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। युवती ने जब शादी से इनकार किया और उससे बातचीत बंद कर दी, तो आरोपी ने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। वह आए दिन पीड़िता का पीछा करने लगा और उसे बुरी नीयत से परेशान करने लगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने आरोपी का नंबर ब्लॉक कर दिया था, लेकिन इसके बाद आरोपी ने हदें पार कर दीं। वह हर दिन नए-नए नंबरों से फोन कर परेशान करने लगा। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता की मां, उसकी सहेलियों और अन्य परिचितों को कॉल करना शुरू कर दिया। उसने इंस्टाग्राम पर भी पीड़िता के बारे में अनुचित और अनर्गल बातें लिखकर मैसेज भेजे, जिससे युवती की लज्जा भंग हुई और उसे मानसिक आघात पहुँचा। जब युवती ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो वह उसे जान से खत्म कर देगा।

# जब यातायात पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया तो निगम को लेफ्ट टर्न की याद आई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**शहर के यातायात को व्यवस्थित करने के लिए यातायात पुलिस के द्वारा पिछले एक सप्ताह से शहर के सभी मुख्य मार्ग और चौराहों पर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जब सार्थक और सुविधाजनक काम होने लगा तो फिर अब जाकर नगर निगम को इन चौराहों के लेफ्ट टर्न को सही करने की याद आई है।**

नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज नौलखा चौराहा, वर्ल्ड कप चौराहा, बिचोली मरदाना चौराहा, निरंजनपुर चौराहा, बापट चौराहा, विजयनगर चौराहा, न्याय नगर, लोखंडे ब्रिज के पास तथा सी-21 के पास स्थित चौराहे के लेफ्ट टर्न का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक चौराहे पर यातायात की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न करने वाले अस्थायी एवं स्थायी निर्माणों को चिन्हित कर नियमानुसार हटाया जाए, ताकि पीक आवर्स में जाम की स्थिति निर्मित न हो। आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि जहां आवश्यक हो वहां लेफ्ट टर्न को चौड़ा करने, अवैध अतिक्रमण हटाने, रोड मार्किंग स्पष्ट करने एवं संकेतक बोर्ड लगाने की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित की जाए। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के समन्वय से यातायात प्रवाह को सुचारु बनाए रखने हेतु समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। नगर निगम आयुक्त के द्वारा यह सारा काम आज उस समय किया गया जब पिछले एक सप्ताह से यातायात पुलिस के द्वारा यातायात को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जा चुका है।

## शौचालय में गए आयुक्त तो वहां थी गंदगी

सिंघल ने निरंजनपुर चौराहा के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान शौचालय एवं मूत्रालय में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। आयुक्त द्वारा मौके पर संधारित रजिस्टर का अवलोकन किया गया, जिसमें नागरिकों के फीडबैक एवं आगंतुकों की प्रविष्टियां व्यवस्थित रूप से दर्ज नहीं पाई गईं। इस पर आयुक्त ने संबंधित एजेंसी के विरुद्ध पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सुविधाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शौचालयों की दैनिक सफाई, फीडबैक रजिस्टर का संधारण एवं गुणवत्ता की सतत जांच की जाए।

# एक माह में घरों की गिनती करने का काम नगर निगम को करना है पूरा

**नगर निगम की रिपोर्ट के आधार पर ही बनाए जाएंगे जनगणना खंड**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर जिले में जनगणना की तैयारी शुरू हो चुकी है। भोपाल से मिले निर्देश के अनुसार सबसे पहले नगर निगम सीमा एवं ग्रामीण क्षेत्र में घरों की गिनती का काम आरंभ किया गया है इस गिनती की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जनगणना खंड तैयार किए जाएंगे इसके लिए नगर निगम सीमा में नगर निगम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत द्वारा यह कार्य किया जा रहा है।**

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में जनगणना से पहले घरों की गिनती करने के निर्देश मिले हैं जिसके लिए 85 वार्डों में घरों की गिनती एवं नंबरिंग का काम आरंभ कर दिया गया है जिसके तहत घरों को नंबर दिए जा रहे हैं एवं एक रूट मैप तैयार किया जा रहा है जिसमें यह बताया जा रहा है कि कौनसा नंबर किस गली में होगा ताकि जन गणना को आसान बनाया जा सके। वर्तमान में सभी वार्डों में मकान की गणना की जा रही है यह कार्य मार्च माह में पूरा किया जाना है। इसकी रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को सौपी जाएगी इसके बाद गणना खंड तैयार किए जाएंगे। प्रत्येक खंड में 200 मकान को शामिल किया जाएगा और इन मकान की जनगणना के लिए एक मास्टर ट्रेनर नियुक्त होगा वह 200 मकान का डाटा ऑनलाइन जनगणना पोर्टल पर अपलोड करेगा। इसी तरह से पूरे जिले में जनगणना का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 1 मार्च से आरंभ हो जाएगा जिसमें नगर निगम के जोन अधिकारी इस व्यवस्था के लिए जिम्मेदार होंगे। नगर निगम द्वारा की जा रही मकान की गणना के चलते लाल स्याही से मकान के घर के आगे नंबरिंग की जा रही है, निगम आयुक्त ने इस काम में लगे अधिकारी और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वह लापरवाही एवं कोताही बिल्कुल भी इस काम के लिए नहीं बरते अगर वह ऐसा करते हैं तो सीधी सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी नंबरिंग इस प्रकार की जाए की गणना का क्रम बिल्कुल भी प्रभावित नहीं हो और आसानी से क्रमबद्ध रूप में जब जन गणना का कार्य आरंभ तो तय समय में यह काम पूरा किया जा सके।

**वर्जन-**

मकान की गणना का काम वर्तमान में 85 वार्डों में 35 से 40% तक हो चुका है अब मार्च माह में इस टारगेट को पूर्ण करना है समय सीमा में मकान की गणना का काम पूरा हो जाएगा, इसके बाद नगर निगम जनगणना संबंधी अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी करेगा।

**-क्षितिज सिंघल,** निगम आयुक्त

# 40 हजार स्क्वेयर फीट जमीन पर 3 करोड़ से बनेगा फायर स्टेशन

**नगर निगम ने शुरू की सबसे आधुनिक फायर स्टेशन बनाने की तैयारी**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर में सबसे आधुनिक फायर स्टेशन बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह फायर स्टेशन एम आर 10 पर 40 हजार स्क्वेयर फीट जमीन पर 3 करोड रुपए की लागत से बनाया जाएगा।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि शहर के विस्तार और आगजनी की घटनाओं को देखते हुए बड़ा फायर स्टेशन बनाया जाएगा। इसके लिए इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा 40 हजार स्क्वेयर फीट जमीन नगर निगम को दी गई है। अभी उज्जैन रोड से लेकर विजयनगर चौराहा तक के क्षेत्र में कहीं कोई फायर स्टेशन नहीं है। ऐसे में इस क्षेत्र में यदि कभी आग की कोई घटना होती है तो ऐसी स्थिति में नगर निगम के मुख्यालय से ही फायर की गाड़ी को भेजना पड़ता है। इतनी दूरी पर गाड़ी को भेजने में गाड़ी के जाने में जो वक्त लगता है वह और रास्ते में यातायात जाम के कारण जो समय लग जाता है उसके कारण कई बार आग बहुत ज्यादा फैल जाती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के द्वारा एम आर 10 पर पुराने टोल नाके के पास में आधुनिक फायर स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इस स्थान पर इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा 40 हजार स्क्वेयर फीट जमीन नगर निगम को दी गई है। यहां पर दमकल वाहनों की पार्किंग और कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर भी बनाए जाएंगे। इस योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। अब इस कार्य के लिए जल्द ही नगर निगम के द्वारा टेंडर जारी किए जाएंगे। अभी मुख्य फायर स्टेशन गांधी हाल के पास में है। इसके अलावा मोती तबेला, जी एन टी मार्केट सांवेर रोड, लक्ष्मीबाई नगर, मांगलिया, पीथमपुर में भी फायर स्टेशन है। इस समय शहर में चार स्थानों पर नए फायर स्टेशन स्थापित करने की योजना पर काम किया जा रहा है।

# राऊ विधानसभा के बिजलपुर क्षेत्र में अब बारिश में नहीं फंसेंगी पुलिया पर गाड़ियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**अर्जुन नगर से ट्रेजर टाउनशिप तक दो करोड से ज्यादा लागत वाली अधूरी पुलिया का 80 फीसदी से ज्यादा काम हो गया पूरा**



विधानसभा के बिजलपुर क्षेत्र में अब आने वाले दिनों में बारिश के दिनों में संकरी पुलिया पर अब गाड़ियां नहीं फंसेगी। अर्जुन नगर से ट्रेजर टाउनशिप तक बीच के हिस्से में आने वाली लंबे समय से आधी-अधूरी पुलिया का काम 80 फ़ीसदी से ज्यादा पूरा हो गया है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द पुलिया का बचा काम भी जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद बारिश के दिनों में यहां ट्रेजर टाउनशिप से इस पुलिया से होकर अब एबी रोड की ओर जाने वालों को परेशानी नहीं होगी। क्योंकि निगम ने यहां लगभग 2 करोड रुपए से ज्यादा की लागत से ट्रेजर टाउनशिप और अर्जुन नगर के बीच के हिस्से की पुलिया पूरी करवा दिया है। यही नहीं इसके अलावा एबी रोड से लेकर अर्जुन नगर पुलिया तक निगम द्वारा सड़क निर्माण का कार्य भी तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। जिसके तहत आधे से ज्यादा हिस्से में सड़क बनाकर तैयार भी हो गई है। वही ट्रेजर टाउनशिप से लेकर आगे तक के हिस्से में फिलहाल बाधक निर्माण हटाने का इंतजार किया जा रहा है इसके बाद यहां भी सड़क निर्माण का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जाएगा। गौरतलब है कि निगम 12 करोड़ से ज्यादा की लागत से ट्रेजर टाउनशिप से एबी रोड तक 100 फीट से ज्यादा चौड़ी सड़क निर्माण का कार्य कर रहा है। जिसके तहत आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। वहीं जहां बाधक निर्माण हटना बाकी है वहां का काम रुका है। जबकि जहां निर्माण हट गए वहां निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

# कुछ दिन पहले हुआ सीमेंटीकरण दे गया धोखा धार रोड पर फिर से किया जा रहा है काम




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

धार रोड स्थित लकड़ी पीठा के मुख्य द्वार से कुछ पहले बार के सामने एक गड्ढा बनकर धंस रहा था, जिसका समाचार सिटी ब्लास्ट ने प्रकाशित किया था, उसी के बाद नगर निगम ने आनन-फानन में केवल सीमेंटीकरण कर दिया था और दूसरे दिन ही लोगों ने रोड को खोल दिया था। यह गड्ढा फिर से बैठ गया था। अब निगम ने इस गड्ढे की खुदाई करवाई अन्दर मलबा भरवाया और इस पर अब कार्य करने की जुगत की जा रही है। पहले की तरह सीमेंटीकरण धोखा ना दे इसलिए अच्छी व्यवस्था करने की कोशिश की जा रही है, अभी मलबा डला है, सीमेंटीकरण की प्रक्रिया बाकी है।

# खान नदी में उतरकर नए बिजली तार खींचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों ने खान नदी में उतरकर क़ल दोपहर नए बिजली तार लगाए। शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे ने बताया कि 33/11 केवी पागनीसपागा सब स्टेशन से 11 केवी फीडर राजबाड़ा क्षेत्र के पीपलीबाजार तक जाता है। यहां के तार मंगलवार को अत्यंत कमजोर अवस्था में पाए जाने पर बदलने का निर्णय लिया गया। कर्मचारियों ने खान नदी के दोनों ओर उच्चदाब लाइन के ऊंचे पोल के बीच के 50 मीटर के तार दो घंटे की मेहनत से बदल दिए। कुछ कर्मचारियों को पानी में उतरकर कार्य करना पड़ा। कंपनी प्रबंधन ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए श्री विजय वर्मा व अन्य कार्मिकों की प्रशंसा की है।



# 'अनिवार्य मतदान अधिनियम' को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था न्यायाश्रय ने अनिवार्य मतदाता अधिनियम को लेकर अधिवक्ताओं की मौजूदगी में राष्ट्रपति के नाम संभाग आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन दिया। डॉ. पंकज वाधवानी एवं अन्य अधिवक्ता राहुल सिंह यादव, अदनान मुल्तानी, निधि दुबे, उमा जेसवानी, रामकन्या चौहान, दीपिका मोरे, गजेश सिंह, हर्षित महावर, भूमि नागदेव, नाज शेख, इंदिरा सोलंकी, फोजिया, मृदुल बंसल मौजूद थे।

# जाट समाज करेगा कार्यक्रम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जाट समाज द्वारा एक मार्च को देपालपुर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पदाधिकारी और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। राष्ट्रीय पदाधिकारी मन्नू चौधरी दांतल, रोशन सिंघम, प्रेविंदर जाट, विलास पटेल की मौजूदगी रहेगी। संतोष जाट, अनिल जाट, राहुल जाट, भंवरलाल जाट आयोजन से जुड़े हैं।



# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एनजीओ महासंघ द्वारा सेवा सप्ताह के अन्तर्गत मानव अधिकार परिषद के साथ शासकीय स्कूल तेजाजी नगर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अस्पताल के सहयोग से किया। करीब 275 लोगों ने जांच करवाई, दवाइयों का वितरण भी किया गया। सलीम शेख, संजीव वैद्य, संदीप शर्मा, सना खान, मंजू शर्मा, सरदार मोहन सिंह, अनूपम श्रीवास्तव, दीपक मंसारे, सतीश परमार, मुरलीसिंह मस्करा, नवदीप शर्मा, सुनील जायसवाल, सीताराम चौधरी, राहुल खितौलिया, कमलेश मालवीय, रमेश मंगलानी मौजूद थे।

# होलिका दहन के लिए हो कंडों का उपयोग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कामधेनु सेवा समिति, गौ सेवा विभाग एवं गोवंश सेवा समिति के राजेन्द्र असावा ने होली दहन करने वालों से अपील की है कि वे गौशालाओं से गोबर के कंडों को लेकर होली का निर्माण करे और बाद में इसी का दहन किया जाए।

# झुग्गी बस्ती में जागरूकता एवं खिचड़ी वितरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

सारथी शिक्षा रोशन सेवा समिति ने नेमावर रोड की झुग्गी बस्ती में जागरूकता एवं खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। 400 लोगों ने लाभ लिया। इस कार्यक्रम के बाद जीत नगर की बस्ती के लगभग 50 बच्चों को खिचडी वितरित की गई।





# श्री सिद्धचक्र महामंडल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री 1008 चिन्तामणी पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर स्कीम 78 में घटयात्रा और ध्वजारोहण के साथ श्री सिध्दचक्र महामंडल का आयोजन किया गया। अभिषेक शांतिधारा का आयोजन भी किया गया। डीके जैन, संगीता विकास जैन, अशोक पाटनी, सुनील जैन, संजय भैया, विकास सहित अन्य मौजूद थे।



# रामाशाह मंदिर में आज से सिद्धचक्र मंडल विधान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रामाशाह दिगम्बर जैन मंदिर मल्हारगंज में आज से 3 मार्च तक रोजाना सिद्धो की आराधना के साथ अष्टान्हिका महापर्व सिद्धचक्र मंडल विधान का आयोजन शुरू हुआ। 51 जोड़ों के साथ यह आराधना लगातार आठ दिनों तक होगी। जिसमें 8, 16, 32, 64, 128, 256, 512, 1024 अर्घ चढ़ाए जाएंगे। राजेन्द्र कुमार जबलपुर वालों के आध्यात्मिक सुबह 9 बजे एवं दोपहर 3.30 बजे और रात्रि 8 बजे से जिनेन्द्र भक्ति एवं प्रवचन का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी रामाशाह स्वाध्याय मंडल द्वारा दी गई। विकास सारिका छाबड़ा ने कलश स्थापना की विधान का स्वर दिया। आशीष अशोक गंगवाल, डॉ. संगीता सहित अन्य मौजूद थे।

# गौमाता राष्ट्रमाता के लिए मिस्ड कॉल अभियान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पल्हर नगर क्षेत्र में गौ भक्त गौ सेवक आगामी 27 अप्रैल से 27 जुलाई गौ सेवा दिवस मनाएंगे। साथ ही गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो इन दोनों मुद्दों के लिए टोल फ्री नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर अभियान के सहयोगी बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस दोनों अभियान के लिए प्रचार सामग्री भी लगाई जा रही है। आयोजन से गगन यादव, पवन हिंदू, योगेश पांचाल, मोनू भैया जोशी जुड़े हुए हैं।



# जसराज मेहता अध्यक्ष सूरज जोशी शिक्षा मंत्री बने

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विदित हो कि श्री मेनारिया ब्राम्हण समाज 52 श्रेणी के चुनाव हाल ही चुनाव अधिकारी रितेश ईनाणी द्वारा संपन्न कराए गए। जिसमे 21 पदों में से 20 पद पर निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ, जिसमें जसराज मेहता अध्यक्ष, लोकेश मेहता सचिव, किशनलाल मेहता सह सचिव, शिवप्रसाद मेहता कोषाध्यक्ष, सूरज जोशी शिक्षा मंत्री, राजेश जोशी उत्सव मंत्री, कन्हैयालाल जोशी भवन मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उदयलाल जोशी, भीमलाल व्यास, शंकरलाल वोरा, सुभाष मेनारिया, रमेश जोशी, उदयलाल मेहता, राधेश्याम जोशी, रमेश पृथ्वीराज मेहता, उमाशंकर पुरोहित, योगेंद्र व्यास, निलेश मेहता, मांगीलाल जोशी, सुमित मेहता निर्विरोध चुने गए। मामला एसडीएम के न्यायालय तक भी गया था। केवल एक पद के लिए मतदान भी हुआ।

# अप्रवासी भारतीय ने सुनाए संगीत के साथ गीत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ऑस्ट्रेलिया से आए अंतरराष्ट्रीय गायक अप्रवासी भारतीय केदारनाथ पागादिनीमथ एवं ऑस्ट्रेलिया की शोभा इंग्लेश्वर ने समग म्यूजिकल ग्रुप के माथुर सभागृह में आयोजित गीत-संगीत के कार्यक्रम में संगीतों की प्रस्तुति दी। अन्य कलाकार इंद्रजीत सिंह, सीमा निगम, प्रिया गुजराती, गरिमा पलोड, अर्चना बाहेती, गीता मल्होत्रा, तन्मय पांडे ने भी प्रस्तुतियां दी।





# गाडगे बाबा की आरती की गई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर धोबी संघ ने संत गाडगे बाबा की जयंती मोती तबेला स्थित संत गाडगे बाबा धर्मशाला में मनाई, महाआरती की गई। पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।





# पहला रोजा रख दिनभर की अल्लाह की इबादत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

रमजान माह में रोजा रख इबादत हो रही है, परवेज खान (भूरा) की पुत्री ज़ारा खान ने अपना पहला रोजा रखा और दिनभर की नमाजें अदा की और फिर शाम को इफ्तार से पहले दुआएं भी की गई, उसके बाद रोजा इफ्तार का कार्यक्रम किया गया। मेहमानों ने ज़ारा खान को दुआओं से भी नवाजा गया। इस मौके पर जावेद खान, मसुद्दीन चौधरी, अजहर खान, जुबेर खान, सग्गा खान (आरडीएक्स), अयान खान, मूसा खान, बिलाल खान मौजूद थे।

## विधि महाविद्यालय में सेमिनार

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार आयोजन कल से शुरू हुआ। तकनीकी विकास के युग में कानून और समाजः उभरती चुनौतियाँ और नियामक प्रतिक्रियाएँ आधारित विषय पर सेमिनार किया गया। डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, डॉ. आरसी दीक्षित, विनय पिंगले, डॉ. अनामिका जैन, डॉ. आर.के. मुरली, क्षितिज कुमार सिंह, प्रो. हिमांशु सोनी, डॉ. अनिता गेहलोत मौजूद थे।



## 31 सेवाभावी मातृशक्तियों का होगा सम्मान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संस्था कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां अहिल्या गौरव अलंकरण सम्मान समारोह 6 मार्च शुक्रवार को कीमती गार्डन धार रोड पर सांय 6 बजे आयोजित किया जायेगा। विभिन्न विधाओ की मातृ विभूतियों को खेल, कला, संगीत, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, सामाजिक, धार्मिक, प्रशासनिक सेवा, पत्रकारिता, साहित्य, न्यायिक सेवा, नशामुक्ति आदि के क्षेत्र में मानवता के लिए समर्पित 31 सेवाभावी मातृशक्तियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए मां अहिल्या गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। फाग उत्सव भी होगा।

## दसनाम गोस्वामी समाज ने समरसता आरती को लेकर की बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज युवा शाखा द्वारा 20 स्थानों पर समरसता आरती का आयोजन किया जाना है।आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। कल भी बैठक का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अलावा संगठन को मजबूत करने, शिक्षा विस्तार समाज में बढाने को लेकर चर्चा हुई। राजेश गोस्वामी, योगेन्द्र पुरी, कमलपुरी गोस्वामी, दशरथ गिरी, सुनील गिरी सुलचनिया, विनोद वन पीटीएस, राज भारती, सचिन गोस्वामी, अभिषेक भारती, नागेश पुरी, पवन भारती, सतीश गिरी, चीकू पुरी, मनीष पुरी, रोहन गिरी, माधव गिरी, केशव गिरी, सतीश गिरी, रोहित पुरी, सोमेश गिरी, भावेश गोस्वामी, रोहित गोस्वामी, राहुल पुरी, पार्थ पुरी सहित अन्य सम्मिलित हुए।





## आखरे बने जिला खेल अधिकारी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर जिला शिक्षा खेल अधिकारी के खाली पद पर शिक्षा विभाग ने व्यायाम शिक्षक को प्रभारी जिला खेल अधिकारी के पद पर नियुक्त किया।आखरे ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी डा.शांतास्वामी भार्गव के सामने पदभार ग्रहण किया।

## भगवा आटो प्रदर्शन कर दे रहा है ज्ञापन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ द्वारा भारतीय मजदूर संघ के केन्द्रीय एवं मध्यप्रदेश आह्वान पर आज प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों पर श्रमिक-कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर व्यापक आंदोलन एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दोपहर कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन और ज्ञापन का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संगठन श्रमिक हितों की रक्षा के लिए हर संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाता आया है।

## *जैन मिलन और जनगणना निर्देशिका का विमोचन आयोजन होगा*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

राजेश जैन, राजेश लारेल, राजू अलबेला ने बताया कि दिगम्बर जैन परवार समाज का मिलन और जनगणना निर्देशिका के विमोचन का आयोजन श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन परवार समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के तत्वाधान में 1 मार्च रविवार को दोपहर 1.30 बजे से दस्तूर गार्डन स्कीम नं. 71 पर किया जाएगा।



## जैन ग्रुप की साधारण सभा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न, की मासिक साधारण सभा साकेत क्लब पर आयोजित की गई। अशोक सोजतिया का सम्मान किया गया। किए गए कार्यो की जानकारी दी गई।

## मधुमेह एवं मोटापे से मुक्ति के लिए लगेगा शिविर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में अग्रवाल समाज के संगठनों की बैठक आयोजित की गई। 28 फरवरी एवं 1 मार्च को स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर सुबह 8 बजे से मधुमेह एवं मोटापे जैसे रोगों से मुक्ति एवं राहत दिलाने के उद्देश्य से दूसरा शिविर आयोजित होगा। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान 32 तरह की जांचे होगी। बैठक में किशोर गोयल, शीतल तोडीवाला, संजय बांकडा, पीडी अग्रवाल महू, महेश मित्तल, सौरभ गोयल, नीलेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



## स्काउट आंदोलन में सहयोग करने वालों का सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी ओलेव वेडन के जन्मदिवस पर जाल सभागृह में स्काउट रामदास केदारमल सुकृत न्यास द्वारा स्काउट आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने वाले वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। स्काउट दलों के लिए तैयार की गई प्रशिक्षण सामग्री का भी लोकार्पण किया गया। स्काउट आंदोलन की ध्वजा फहराने वाले श्रवण कुमार दवंडे का सम्मान कर 21हजार की राशि दी गई।





## रेडिमेंड टेलरिंग प्रशिक्षण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संस्था प्रवाह और नाबार्ड द्वारा बाणेश्वर कुण्ड बाणगंगा में व्यवसायिक रेडिमेड टेलरिंग 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं 2 दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं और बच्चों को रेडिमेड शर्ट, पैंट, कुर्ता, पजामा, सलवार सूट और बच्चों के कपड़े बनाना सिखाया गया। 10 स्व सहायता समूह की 90 महिलाओं ने भाग लिया।

## संत महेन्द्र ऋषि म.सा. का होली चातुर्मास प्रवेश कल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** युवाचार्य महेन्द्र ऋषि म.सा. का होली चातुर्मास प्रवेश कल महावीर भवन इमली बाजार राजवाड़ा पर होगा। प्रकाश भटेवरा, डिपिन जैन, अचल चौधरी, रमेश भंडारी, हेमंत वोहरा, राजकुमार पंजाबी, स्वप्निल संचेती, रितेश कटकानी ने बताया कि कल 26 फ़रवरी की सुबह 7.30 बजे मंगल जुलूस के साथ गांधी हॉल के समीप से निकलकर राजवाड़ा महावीर भवन पहुंचेगा। 11 महिला मंडल अपनी निर्धारित वेशभूषा में मंगल कलशा और धार्मिक चिन्ह लेकर आगे चलेंगे। जयकारे भी लगेंगे।

# निरंजनपुर चौराहा के पास मिलेगी गाड़ियों को चार्जिंग करने की सुविधा

## एआईसीटीसीएल द्वारा किया जा रहा है तेजी से नए सर्विस स्टेशन का निर्माण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** स्कीम नं. 78 में निरंजनपुर चौराहे के पास आने वाले दिनों में बहुत जल्द संभावित अगले माह तक देवास नाका क्षेत्र के लोगों को भी इलेक्ट्रिक गाड़ियों को चार्जिंग करने की सुविधा मिलने वाली है। इसे लेकर वर्तमान में यहां तेजी से काम किया जा रहा है। न्यू लोहा मंडी क्षेत्र में निरंजनपुर चौराहे के पास नया चार्जिंग सर्विस स्टेशन बनकर तैयार हो रहा है जहां आने वाले दिनों में टीवी बाइक, स्कूटर के साथ ई-रिक्शा भी चार्ज होती नजर आएगी।



### क्षेत्र में नहीं था अब तक कोई भी चार्जिंग स्टेशन

गौरतलब है कि अभी यहां देवास नाका क्षेत्र में निरंजनपुर चौराहे के आसपास अब तक एक भी चार्जिंग स्टेशन नहीं होने से इस क्षेत्र के लोगों को अपनी इलेक्ट्रिक गाड़ियों को चार्ज करने के लिए दो से तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा था। जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। ई रिक्शा और स्कूटर, बाइक वालों को ज्यादा दिक्कतें हो रही थी। वहीं एआईसीटीसीएल अफसरों द्वारा अब कहा जा रहा है कि वह अगले माह में बेहद जल्द देवास नाका क्षेत्र के निरंजनपुर चौराहे के पास तैयार हो रहे नए चार्जिंग स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं के साथ शुरू करने की तैयारी में है। जिसके लिए वर्तमान में यहां तेजी से काम चल रहा है। इसके अलावा भी कुछ और स्थानों पर नए चार्जिंग स्टेशन को शुरू करने की तैयारी है।



## कुमेडी आईएसबीटी शुरू होने से पहले एमआर-10 के पास बनी नई सड़क सवा सौ से ज्यादा एलईडी से जगमगाएगी

**इन्दौर।** कुमेड़ी में इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा 100 करोड रुपए की लागत से बने नवीन आईएसबीटी के शुरू होने से पहले एमआर 10 के पास हाल ही में तैयार हुई 25 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत वाली नई सड़क आने वाले दिनों में बेहद जल्द सवा सौ से ज्यादा एलईडी लाइटिंग की चकाचौंध से जगमगाएगी। जिसको लेकर वर्तमान में इस सड़क के बड़े हिस्से में सेंट्रल लाइटिंग लगाने का काम तेजी के साथ चल रहा है ताकि आने वाले दिनों में कुमेड़ी बस टर्मिनल और मेट्रो से ज्यादा से ज्यादा शहर के अलग अलग रास्ते जुड़े और इन रास्तों से बेहतर कनेक्टिविटी हो ताकि भीड़ कंट्रोल करने और ट्रैफिक व्यवस्थित संचालित करने में पुलिस प्रशासन को दिक्कत न आए। इसको लेकर इस क्षेत्र की कई सड़कों का नव निर्माण और चौड़ीकरण कार्य लगातार आईडीए द्वारा किया जा रहा है।

गौरतलब है कि आईडीए की प्लानिंग है कि आने वाले सिंहस्थ महापर्व से पहले कुमेडी में बने नवीन आईएसबीटी बस टर्मिनल के आसपास की सभी सड़कों की कनेक्टिविटी मेट्रो और आधुनिक सुविधाओं वाले बस टर्मिनल आईएसबीटी से हो। यही नहीं वर्तमान में सभी सड़कों का काम जल्द से जल्द पूरा हो जाए ताकि फिर इन तैयार सड़कों पर से शहरी क्षेत्र का ट्रैफिक शुरू कर दिया जाए ताकि साल 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व के दौरान अलग-अलग रूट से एमआर-10 पहुंचकर अरविंदो के रास्ते उज्जैन आने-जाने के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने और व्यवस्थित ट्रैफिक चलें। साथ ही सिंहस्थ के दौरान संभावित भीड़ को कंट्रोल करने के लिए इसको लेकर वर्तमान में शासन-प्रशासन द्वारा मुख्य रेलवे स्टेशन की कुमेड़ी आईएसबीटी और मेट्रो से चारों ओर से कनेक्टिविटी को लेकर प्लानिंग कर तैयारी की जा रही है।ताकि इसका फायदा मिल सके।

# मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे से सांवरिया धाम की ओर जाने के लिए रास्ता बंद



**इंदौर।** मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे पर ब्रिज निर्माण के चलते रिंग रोड चौराहे से सांवरिया धाम तक जाने वाला रास्ता बंद किया गया हैं। करीब महीने भर से रास्ता बंद है इसलिए लोगों को यहां से करीब आधा किलोमीटर दूर घूम कर लंबा चक्कर लगाकर मयूर नगर और सांवरिया धाम के आसपास की कॉलोनी में जाना पड़ रहा है। इधर लोगों ने मिट्टी हटाकर पैदल रास्ते के बाद अब मिट्टी के ढेर पर चढ़कर जुगाड़ का रास्ता बना लिया है और जान जोखिम में डालकर वाहन चालक इस ओर से उस ओर सड़क पार करने के लिए जुगाड़ के रास्ते से निकल रहे हैं इसके कारण पिपलियाना की ओर से आने वाले वाहन चालक गफलत में पड़ रहे हैं और बार-बार जाम भी लग रहा है। यही नहीं इस खतरनाक रास्ते से निकलते समय वाहन चालक आपस में गुत्थम गुत्था भी हो रहे है। वहीं यह रास्ता दुर्घटना और हादसों को भी खुला निमंत्रण दे रहा है। उसके बावजूद लोग है कि मानने को तैयार नहीं है।

गौरतलब है कि मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे पर एमपी आरडीसी द्वारा फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है। जिसके कारण महीने भर से ज्यादा समय से रिंग रोड़ चौराहे पर बीच के हिस्से में ज्योतिबा फुले प्रतिमा वाले चौराहे से लेकर दोनों तरफ बीच का रास्ता बंद है। इसके बावजूद लोगों ने जुगाड़ का रास्ता बना लिया है और वाहन चालक इन ऊबड़ खाबड़ रास्तों से निकल रहे है। जिसके कारण दिन में कई बार जाम जैसी स्थिति भी बन रही है। वहीं इधर जबसे एमपीआरडीसी द्वारा रिंग रोड़ चौराहे के बीच के हिस्से में प्रतिमा के आसपास ब्रिज निर्माण का काम तेज करा तब से मूसाखेड़ी रिंगरोड़ चौराहे का पूरा ट्रैफिक दोनों ओर की सर्विस रोड पर पूरी तरह से डायवर्ट कर दिया है। क्षेत्र के हज़ारों वाहन चालकों को तीन इमली और नेमावर रोड़ की ओर या सांवरिया धाम की ओर भी जाने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसलिए लोग शार्ट कट और जुगाड़ के रास्ते ढूंढने में लगे है। वहीं इन जोखिम भरे रास्तों के कारण और ज्यादा जाम और दुर्घटना की स्थिति भी बन रही है। जिसके कारण यहां दिनभर ट्रैफिक पुलिस के जवानों की गैर मौजूदगी होना और पुलिस अधिकारियों की अनदेखी आमजन पर भारी पड़ रही है।

## हाउसिंग बोर्ड के 25 करोड़ लागत वाले बड़े प्रोजेक्ट की 3 साल बाद भी धीमी रफ्तार

**इंदौर।** इंदौर के सियागंज क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड के करीब 25 करोड़ लागत वाले बड़े व्यावसायिक प्रोजेक्ट की 3 साल बाद भी रफ्तार धीमी है। अब तक यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाना था। आबकारी विभाग की जमीन पर पांच मंजिला इमारत बनकर भले ही तैयार हो गई हो लेकिन अभी यहां कई काम बाकी है काम की धीमी रफ्तार को लेकर सवाल उठ रहे हैं सियागंज व्यापारियों का कहना है कि आखिर हमारे क्षेत्र में नवीन शॉपिंग कंपलेक्स की सौगात कब मिलेगी। इसको लेकर करीब 3 साल से काम चल रहा है। व्यापारियों का कहना है की बिल्डिंग तो बनकर तैयार हो गई है लेकिन फिनिशिंग सहित अन्य कार्य चल रहे है। मगर काम की रफ्तार बेहद धीमी है। जिससे अभी यह बताना मुश्किल है कि सियागंज क्षेत्र में व्यापारियों की सुविधा के लिए हाउसिंग बोर्ड द्वारा करोड़ों रुपए खर्चकर तैयार करवाई जा रही नई और आधुनिक सुविधाओं वाली बड़ी बिल्डिंग का काम कब तक पूरा हो पाएगा। साथ ही यहां कब से व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो पाएगी।

**23 हजार स्क्वेयर फीट लंबी जगह पर हो रहा है 100 दुकानों वाला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तैयार-** गौरतलब है कि सियागंज क्षेत्र में करीब 100 से ज्यादा दुकानों वाला आधुनिक सुविधाओं वाला नवीन भव्य शॉपिंग कांपलेक्स बनकर तैयार होगा जिसको लेकर आबकारी विभाग की जमीन पर हाउसिंग बोर्ड द्वारा करीब 3 साल से भी ज्यादा समय से काम किया जा रहा है। हालांकि काम की रफ्तार धीमी होने के कारण अब तक इस बड़े शॉपिंग कांपलेक्स का काम पूरा नहीं हो पाया है। अभी केवल बिल्डिंग बनकर ही तैयार हुई है। फिलहाल फिनिशिंग कार्य एवं रंगी पुताई का कार्य हो रहा है हालांकि शॉपिंग कांपलेक्स का काम पूरा होने में अभी तीन से चार माह का समय और लगेगा। उसके बाद क्षेत्र के व्यापारियों को एक स्थान पर नई और आधुनिक सुविधाओं के साथ करीब 100 दुकान और व्यावसायिक हाल के साथ इस परिसर की सौगात मिलेगी। अधिकारियों को कहना है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द यहां का काम पूरा करवाने की तैयारी है।

# रीजनल पार्क री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को भूल गए अफसर

**इंदौर।** पिपलियापाला स्थित रीजनल पार्क (अटल बिहारी वाजपेयी उद्यान) के री-डेवलपमेंट काम की योजना बनाकर लगता है जिम्मेदार अफसर भूल गए है। हालत यह है कि पिछले साल योजना बनने के बावजूद निगम द्वारा लंबे समय से यहां के काम को होल्ड पर कर रखा है। जबकि नगर निगम द्वारा पिछले दो साल से इस पार्क को संवारने और नवीनीकरण के तहत कई विकास कार्य करने के लिए योजना बनाकर निजी कंपनी को ठेके पर देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। यही नहीं पार्क में विकास कार्य के लिए तीन बड़ी कंपनियों ने रुचि भी दिखाई थी, जिसमें से एक कंपनी से काम करवाने के लिए निगम द्वारा टेंडर संबंधित तमाम प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी। अफसरों के मुताबिक लगभग 25 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्चकर आईडीए द्वारा बनाए सालों पुराने रीजनल पार्क के नवीनीकरण के प्रोजेक्ट पर काम शुरू होना था। लेकिन हालत यह है कि 10 माह से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुए। निगम अधिकारियों ने फिलहाल पार्क को संवारने के काम को लंबे समय से होल्ड पर कर रखा है, जिसके कारण अब तक कोई काम नहीं हुआ।

### ऐसे बनी थी पार्क संवारने की योजना

निगम में रीजनल पार्क के री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक पार्क को संवारने के लिए ठेके पर लेने वाली निजी कंपनी द्वारा रीजनल पार्क में विकास कार्य के प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए कम से कम सालभर का वक्त दिया जाना था। इस दौरान री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत पार्क में आने वाले दर्शकों के लिए फूड जोन चालू करना प्राथमिकता थी। साथ ही तालाब में वोटिंग की सुविधा की शुरुआत करना, बच्चों के लिए मनोरंजक पार्क शुरू करना और वहां झूले-फिसलपट्टी सहित गेंम ज़ोन लगाने की प्लानिंग बनी थी। वहीं इसके अलावा म्यूजिकल फाउंटेन की शुरुआत करना रौशनी के लिए बंद लाइटों के बजाय नई लाइटिंग लगाने जैसे और भी कई बड़े काम करना होंगे। वहीं कंपनी इन सुविधाओं के बदले पार्क में आने वाले लोगों से अलग से शुल्क वसूल सकेगी। फिलहाल रीजनल पार्क का रखरखाव नगर निगम के हाथों में है और सीमित संसाधनों के कारण निगम पार्क संभालने का काम ढंग से नहीं कर पा रहा है।

गौरतलब है कि करीब बीस साल पहले रीजनल पार्क इंदौर विकास प्राधिकरण (आइडीए) ने तैयार किया था और बाद में इसे नगर निगम को दे दिया था। हालांकि सूत्रों का कहना है कि निजी हाथों में जाने के बावजूद पार्क में प्रवेश शुल्क वसूलने का अधिकार नगर निगम को ही रहेगा। फिलहाल निगम बच्चों के लिए 10 और बड़ों के लिए 25 रुपये का प्रवेश शुल्क वसूलता है। लेकिन पार्क में सुविधा इतनी नहीं जितना निगम शुल्क वसूल रहा है। इसलिए पिछले साल इसके नवीनीकरण की योजना बना कर निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन बावजूद इतने समय बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया।इधर अफसरों का कहना है कि फिलहाल निगम आयुक्त सहित वरिष्ठ अफसरों ने इसे होल्ड पर रखा है। अब काम कब शुरू होगा ये भी कोई जिम्मेदार अफसर बताने की स्थिति में नहीं है।

## संपादकीय

# संवेदनाओं का कत्ल : क्या डिजिटल दुनिया और बढ़ता दबाव बच्चों को हिंसक बना रहा है?

संवाद की कमी और डिजिटल हिंसा बच्चों को अपनों का ही कातिल बना रही है। रिश्तों के बीच बढ़ता दबाव और घटती संवेदनाएं समाज के लिए चेतावनी हैं। आधुनिक दौर में जीवन की आपाधापी के बीच हर जगह प्रतिस्पर्धा, निजी स्वार्थ और व्यक्तिगत आजादी की चाह में पारिवारिक मूल्य का महत्त्व कम होता जा रहा है। बच्चों और अभिभावकों के बीच समझ एवं समन्वय तथा स्नेह और सम्मान की भावना से जुड़े धागे कमजोर पड़ने लगे हैं। कई बार तो हालात ऐसे हो जाते हैं कि औलाद अपने माता-पिता को ही दुश्मन मान बैठती है और उनकी जान तक लेने को तैयार हो जाती है। उत्तर प्रदेश में लखनऊ के आशियाना इलाके में एक ऐसी ही दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक बेटे ने अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी और उसके शव को टुकड़ों में काटकर एक हिस्से को ड्रम में छिपा दिया। हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, मगर सवाल है कि किसी सामान्य परिवार के बच्चे में इस तरह की आपराधिक मानसिकता आ कहां से रही है? क्या वजह है कि जिस समस्या को संवाद के जरिए आसानी से सुलझाया जा सकता है, वह इतनी जटिल हो जाती है कि संवेदनाएं सुन्न पड़ जाती हैं और आक्रामकता रिश्तों का भी खून कर देती है। इसमें दोराय नहीं कि आज बच्चों की परवरिश पर परिवार के अलावा डिजिटल जगत का प्रभाव भी साफ देखा जा रहा है। स्मार्टफोन और इंटरनेट की सुलभ उपलब्धता से बच्चों की ऐसी सामग्री तक पहुंच आसान हो गई है, जो उनके कोमल मन पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि हिंसा और अपराध से जुड़ी सामग्री बार-बार देखने-सुनने से बच्चों में हिंसक प्रवृत्ति का बढ़ना स्वाभाविक है। लखनऊ में हुई वारदात में प्रारंभिक जांच-पड़ताल के आधार पर पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी का पिता उसे मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने का दबाव बना रहा था। इसको लेकर कई बार पिता-पुत्र की आपस में बहसबाजी भी हुई थी। यह बात सही है कि माता-पिता को बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाना चाहिए, लेकिन वे अगर किसी बात पर जोर दे रहे हैं, तो उसके पीछे बच्चे की भलाई की इच्छा ही होती है। असहमति एक स्थिति हो सकती है, लेकिन देश और समाज को इस पर संजीदगी से विचार करने की जरूरत है कि बच्चों के भीतर ऐसी प्रवृत्ति कहां से आ रही है कि वे संवाद करने के बजाय हिंसक हो रहे हैं। हरियाणा के रोहतक जिले में पिछले साल बास्केटबाल का खंभा गिरने से एक युवा राष्ट्रीय खिलाड़ी की मौत ने शासकीय लापरवाही और भ्रष्टाचार की कई परतें भी खोल दी थीं। तब इस मामले के तूल पकड़ने के बाद सरकार ने इसकी हर पहलू से जांच करने और जरूरत के मुताबिक सुधार के कदम उठाने की बात कही थी।

# स्कूल जा रही बालिकाएं भटकी रास्ता,पुलिस ने परिजनों से मिलवाया



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के सेन्ट्रल वेयर हाऊस के सामने दो बालिकाओं के मिलने की सूचना डायल-112 को मिली। बालिकाओं ने बताया कि वह रास्ता भटक गई है। पुलिस ने स्कूल से सम्पर्क किया और सत्यापन कर बालिकाओं को परिजनों के सुपुर्द किया।

# जनगणना से जुडे अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित से सम्पादित करने के उद्देश्य से व्यापक तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर कार्यालय सभागृह में एक कक्ष में जनगणना कार्य से जुडे अधिकारी और कर्मचारी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रशिक्षण अलग-अलग चरणों में होगा। कलेक्टर शिवम वर्मा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## रोजगार मेला लगेगा

इन्दौर **( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला प्रशासन द्वारा जिला रोजगार कार्यालय पोलोग्राउण्ड पर 2 मार्च को सुबह 10 से 3 बजे तक रोजगार मेला युवा संगम का आयोजन किया जाएगा। 250 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति के लिए मेले का आयोजन होगा। उक्त जानकारी पीएस मंडलोई ने दी।

# होली पर मिले शुद्ध मिठाई...15 पदार्थो के लिए नमूने

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आगामी होली त्योहार को देखते हुए खाद्य विभाग ने मिलावटखोरी के विरुद्ध अभियान तेज कर दिया है। कल विभाग ने 15 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर तीन दल गठित किए गए। टीम ने द्वारकापुरी स्थित भेरुनाथ महिला गृह उद्योग से 5, रामजी डेरी नवलखा से 3, श्रीलीला रेस्टोरेंट से 3 और जैनश्री स्वीट्स नंदलालपुरा से 2 नमूने लिए। विभाग ने बीते तीन माह में 320 नमूने प्रयोगशाला भेजे थे जिसमें से 209 नमूने की जांच प्राप्त हो गई। जांच में 18 नमूने मानक पाए गए। छोटा बांगडदा स्थित मुस्कान डेयरी, सुपर सिटी सिंगापुर टाउनशिप स्थित माधव के नमकीन, मां कृपा दूध डेयरी मूसाखेडी, जवाहर मार्ग वेयर हाऊस रोड जयश्री मर्चेन्ट, तुलसी नगर स्थित सांवरिया डेयरी, नाकोडा नमकीन एण्ड स्नेक्स धार रोड, लाइफ लाइन पारुल फार्मेसी शाप भंवरकुआं, न्यू रायल चायनीज गोपूर चौराहा, मां अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट नवलखा, अमजद पटेल निवासी मूसाखेडी, राम मिल्क फूड डेयरी पालदा से लिए गए नमूने अमानक पाए गए। इन जगहों से अलग-अलग खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए थे।

# सब्जी का भुगतान करते समय बुजुर्ग के साथ साइबर ठगी

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में ऑनलाइन धोखाधड़ी की एक गंभीर वारदात सामने आई है। एक 65 वर्षीय बुजुर्ग जब सब्जी विक्रेता को भुगतान करने का प्रयास कर रहे थे, तभी साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते में सेंध लगा दी और बिना किसी अनुमति के एक लाख रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर कर ली। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, निपानिया रोड स्थित पावन धाम निवासी देवेंद्र सिंह तोमर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह सब्जी खरीदने के बाद विक्रेता को फोन-पे के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर रहे थे। उस दौरान ट्रांजैक्शन बार-बार असफल हो रहा था। संदेह होने पर जब उन्होंने एसबीआई बैंक के योनो ऐप के जरिए अपना बैंक बैलेंस चेक किया, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उनके एसबीआई खाते से उनकी जानकारी के बिना सात अलग-अलग किस्तों में कुल 1,01,987 रुपये निकाले जा चुके थे। ठगों ने बड़ी चालाकी से 29,000 से लेकर 1,999 रुपये तक के कुल सात ट्रांजैक्शन किए। लसूड़िया पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर बैंक से ट्रांजैक्शन डिटेल और संबंधित खातों की जानकारी मांगी है।

# मुक्तिधाम विकास के लिए राशि स्वीकृत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा प्रति मंगलवार जनसुनवाई में शहर के नागरिकों की समस्याएं संवेदनशीलता से सुनी जा रही है और उनका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। महूगांव स्थित मुक्तिधाम की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 2 करोड रु. की राशि स्वीकृत करवाई गई। राशि स्वीकृत होने के बाद क्षेत्रीय लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और उन्होंने शिवम वर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके अलावा कैंसर से जूझ रही बालिका के लिए भी इलाज की व्यवस्था की गई थी जिसके बाद बालिका के पिता ने कलेक्टर के पास जाकर आभार व्यक्त किया।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 158400 | 161000 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 263500 | 267700 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# युवक को घेरकर जांघ में घोंपा चाकू

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना इलाके में पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने रिंग रोड पर युवक को अकेला देख घेराबंदी की और गाली-गलौज करते हुए उस पर चाकू से वार कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक, वारदात प्रतीक्षा ढाबा के पास रिंग रोड पर हुई। घायल युवक की पहचान शिवा पिता वीरेंद्र पंवार, निवासी नई बस्ती राहुल गांधी नगर के रूप में हुई है। शिवा ने पुलिस को बताया कि वह सुबह करीब 10 बजे ढाबे के पास खड़ा था, तभी प्रोफेसर कॉलोनी में रहने वाला आरोपी रवि पिता सूरज मानकर वहां पहुंचा। रवि शराब के नशे में धुत था और पुरानी किसी बात को लेकर शिवा के साथ विवाद करने लगा। विवाद के दौरान जब शिवा ने उसे गालियां देने से मना किया, तो आरोपी रवि हाथापाई पर उतारू हो गया और अचानक अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया। चाकू शिवा की जांघ में लगा, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी रवि उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। आसपास के लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी रवि मानकर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**पुराने विवाद में आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी**

# नशे की हालत में बैठने से टोका तो पड़ोसी ने ईंट मारकर फोड़ा युवक का सिर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में देर रात नशा करने से रोकने की बात पर एक युवक ने अपने ही पड़ोसी पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने ईंट मारकर युवक को लहूलुहान कर दिया और मौके से भागते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।**

पुलिस के मुताबिक फरियादी विशाल पिता मोहन खाण्डेकर, निवासी ग्वाला कॉलोनी की शिकायत पर पड़ोसी पीयूष धनोरे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।फरियादी ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब 9 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। उसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाला पीयूष धनोरे शराब के नशे की हालत में वहां पहुंचा और बोरिंग के पास बैठ गया। चूंकि वहां परिवार की महिलाएं और बच्चियां आती-जाती हैं, इसलिए फरियादी ने आरोपी को टोकते हुए वहां नशा करके बैठने से मना किया। इतनी सी बात पर आरोपी आगबबूला हो गया और फरियादी को गालियां देने लगा। जब फरियादी ने उसे गाली देने से रोका, तो आरोपी ने पास ही पड़ी एक ईंट उठाकर पूरी ताकत से फरियादी के सिर पर मार दी। हमले में फरियादी का सिर फट गया और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर फरियादी के पिता मोहन खाण्डेकर तुरंत मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर अपने बेटे को बचाया। जाते-जाते भी आरोपी ने धमकी दी कि यदि दोबारा उसे कभी टोका तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## संचिता की पशु बचाव सेवा 6 साल, 4000 से ज्यादा जानवरों का बचाव

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खरगोन में संचिता रघुवंशी नाम की एक लड़की पिछले 6 सालों से पशु बचाव का काम कर रही हैं। उन्होंने सड़कों पर भूखे जानवरों को खाना खिलाने से शुरुआत की थी और आज उनकी एक टीम है जो लगातार बचाव का काम कर रही है। संचिता ने बताया, 'हमने अब तक 4000 से ज्यादा पशु-पक्षियों का बचाव किया है और उन्हें नया जीवन देने का प्रयास किया है। हम किसी भी प्राणी में भेदभाव नहीं करते। संचिता की टीम ने श्वान, बिल्ली, गाय, घोड़े, बंदर, सूअर, गधे, उल्लू और अन्य पक्षियों तक का बचाव किया है। यह पूरा कार्य बिना किसी सरकारी मदद के चल रहा है। संचिता अपनी व्यक्तिगत आय और कुछ लोगों के सहयोग से इस सेवा को जारी रखे हुए हैं। आगे बताया कि हम बचाव के साथ-साथ एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन अभियान भी चलाते हैं। सड़क पर रहने वाले श्वानों और गायों को रेडियम पट्टे पहनाकर रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने का प्रयास करते हैं। संचिता का कहना है कि शहर में श्वानों को लेकर काफी अव्यवस्था बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन के अधिकारियों को भी अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी सुधार नहीं हुआ है। संचिता और पूरी टीम ने प्रशासन से अपील है कि समय रहते उचित कदम उठाए जाएं, ताकि जानवरों और आम नागरिकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# मां कनकेश्वरी क्लब की विशाल जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमकेसीसी एवं स्टार क्लब के मध्य खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 205 रन बनाये। पंकज शर्मा ने 62 रन, अंश यादव ने 74 रनों का योगदान दिया। जवाब में स्टार क्लब की टीम 15 ओवरो में 90 रनों पर सिमट गई और यह मैच 115 रनों के विशाल अंतर से हार गई। विवेक तिवारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट तथा शिवांष रघुवंशी ने 3 विकेट लिये ।

### महू स्पोर्ट्स की शानदार जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच महू स्पोर्ट्स एवं राउ क्लब के मध्य खेला गया सिजमें राउ क्लब ने पहले खेलते हुए 19 ओवरो में 106 रन बनाकर अपने सभी विकट खो दिये । विनय चटर्जी ने 35 रन बनाये। यशराज चौहान, दीपांशु राजपुत एवं वैभव शर्मा ने 3-3 विकट लिये। जवाब में महू स्पोर्टस की टीम ने 19 ओवरो में 6 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाकर यह मैच 4 विकेट से जीत लिया । वैभव शर्मा ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 51 रन एवं निलेश कोटिया ने नाबाद 39 रन बनाये।

### आयसीसी की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच इंदौर कोल्टस एवं आयसीसी के मध्य मैच खेला गया जिसमें आयसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो मे 175 रन बनाये। उज्जवल पालीवाल ने नाबाद 45 रन एवं हरमिंदर सिंह एवं नितिराज परमार ने 30-30 रन बनाये। पियुष, अभिषेक व जयंत ने 2-2 विकट लिये । जवाब में इंदौर कोल्टस की टीम20 ओवरो में 8 विकेट पर 171 रन ही बना पाई और यह मैच 4 रनों के मामूली अंतर से हार गई । सारांश भार्गव ने 76 रन बनाये। उज्जवल पालीवाल व पार्थ ठाकुर ने 2-2 विकेट लिये ।

### एसएस कम्यून की शानदार जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एसएस कम्यून एवं इंदौर स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें एसएस कम्यून पहले खेलते हुए 19 ओवरो में सभी विकेट खोकर 157 रन बनाये। शुभम राठौर ने आक्रामक 55 रन बनाये। इशान चौधरी व पवन यादव ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर स्पोर्टस की टीम 20 ओवरो में 143 रन ही बना पाई और यह मैच 14 रनों से हार गई । आशीष माटा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर 5 विकेट लिये ।

### आरबीसीएफ की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आरबीसीएफ एवं जय गिरनारी के मध्य खेला गया जिसमें आरबीसीएफ ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 157 रन बनाये। हार्दिक चौधरी ने 41 रन बनाये। जवाब में जय गिरनारी क्लब की टीम 20 ओवरो में 8 विकेट पर 149 रन ही बना पाई और यह मैच 18 रनों से हार गई । शशांक पाटीदार ने 47 रन बनाये। सौरभ व विकी ने 2-2 विकेट लिये ।

### जय गिरनारी की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच जय गिरनारी एवं स्टार क्लब के मध्य खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलते हुए 19 ओवरो में सभी विकेट खोकर 130 रन बनाये ।जीवेश श्रीवास्तव ने 44 रन एवं सार्थक ओझा ने 38 रन बनाये। सौरभ पंडित ने 4 विकेट लिये । जवाब में जय गिरनारी की टीम ने 19 ओवरो में 7 विकेट खोकर 131 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से जीत लिया।

## रिंकू सिंह ने अचानक छोड़ा टीम इंडिया का साथ, पिता के लिए आनन-फानन में लौटे घर

**चेन्नई।** टीम इंडिया के स्टार फिनिशर रिंकू सिंह अचानक इंडिया कैंप छोड़कर फैमिली इमरजेंसी की वजह से घर लौट गए हैं। रिंकू सिंह जारी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम का हिस्सा है। भारत का अगला मैच जिम्बाब्वे स 26 फरवरी को है। रिपोर्ट्स के अनुसार रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई है। रिंकू सिंह के पिता को 4th स्टेज का लिवर कैंसर है। वह वेंटिलेटर पर हैं। बता दें, रिंकू सिंह के लिए अभी तक टी20 वर्ल्ड कप कुछ शानदार नहीं रहा है। 5 मैचों में उन्होंने मात्र 24 रन बनाए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में तो वह खाता भी नहीं खोल पाए थे। रिंकू के पिता खानचंद सिंह की हालत गंभीर है और उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक लोकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। रिंकू सोमवार, 23 फरवरी को इंडियन टीम के साथ चेन्नई गए थे, जहां भारत को सुपर-8 का अगला मैच जिम्बाब्वे से खेलना है। सूत्रों ने बताया कि लेफ्ट-हैंडर अपने पिता को देखने के लिए मंगलवार सुबह चेन्नई से निकले, जो लाइफ सपोर्ट (वेंटिलेटर) पर हैं। उनके 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम के मैच में खेलने की संभावना नहीं है। इस घटना के कारण रिंकू मंगलवार शाम को प्रैक्टिस के लिए उपलब्ध नहीं थे।

# 19वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग चैंपियनशिप शुरू

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित बीएसएफ के केंद्रीय आयुध एव युद्ध कौशल विद्यालय (सीएसडब्लूटी) द्वारा आयोजित 19वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग खेल चैम्पियनशिप - 2025 का उद्घाटन मंगलवार को इंदौर के रेवती रेंज में मध्य प्रदेश पुलिस के डीजीपी कैलाश मकवाना, आईपीएस द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में बीएसएफ ब्रास बैंड द्वारा बजाए गए लयबद्ध संगीत पर केंद्रीय पुलिस संगठनों और राज्य पुलिस टीमों द्वारा शानदार परेड निकाली गई। इस कार्यक्रम में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी, नागरिक प्रशासन, 1,500 से अधिक बल और पुलिस कर्मी, उनके परिवार और आम नागरिक उपस्थित थे।

यह वार्षिक प्रतियोगिता 1 मार्च तक आयोजित होगी। जिसमें देश भर की सीएपीएफ, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुलिस बलों के 600 से अधिक पुरुष और महिला निशानेबाज भाग ले रहे है । अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड (एआईपीएससीबी), गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पर्यवेक्षण में और भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अधिकारियों के सहयोग से खेल हथियारों की कुल 17 स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागी 204 पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिनमें 68 स्वर्ण पदक, 68 रजत पदक और 68 कांस्य पदक शामिल हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उभरती प्रतिभाओं की पहचान करने के अवसर प्रदान करता है।



इस इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें वेदांश इंटरनेशनल स्कूल कैंपस 2 के बच्चों के द्वारा नृत्य एवं बीएसएफ जवानों द्वारा भांगड़ा का प्रदर्शन किया गया । इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा पुराने और आधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी भी देखी, जिसमें बीएसएफ के प्रशिक्षण कार्यों को प्रदर्शित किया गया।

# शिमरोन हेटमायर का टैलेंट हो रहा था वेस्ट... कप्तान शाई होप ने क्यों दिया ये बयान?

**मुंबई।** वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा कि शिमरोन हेटमायर मौजूदा टी20 विश्व कप में तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं और इस बात पर अफसोस जताया कि पहले बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने पर इस बिग हिटर का सही उपयोग नहीं हो पा रहा था। हेटमायर की 34 गेंदों पर खेली गई 85 रन की पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने सोमवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम सुपर 8 के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी जिसे होप ने दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ होने वाले मैचों से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत करार दिया।

हेटमायर ने सात छक्के और इतने ही चौके लगाए जिससे वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 254 रन बनाए जो टी20 विश्व कप के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। होप ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, वह (हेटमायर) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है उसको देखकर मुझे लगता है की बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने से उनकी प्रतिभा कुछ हद तक बेकार गई। वह इतना अच्छा बल्लेबाज है कि किसी भी तरह की स्थिति में बल्लेबाजी कर सकता है फिर चाहे वह स्पिन हो या तेज गेंदबाजी।

उन्होंने कहा, वह तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं। वह इस नंबर पर पूरी तरह स्वच्छंद होकर खेलते हैं और हम उनसे यही चाहते हैं। इस टूर्नामेंट में वह हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं। हमने उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से यह भूमिका सौंपी थी और उन्होंने इसे अच्छी तरह से निभाया।

हेटमायर अपने करियर में अधिकतर समय तक निचले क्रम के बल्लेबाज रहे हैं और फिनिशर के रूप में पांचवें से सातवें नंबर के बीच बल्लेबाजी करते रहे हैं। लेकिन मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने ऊपरी क्रम में प्रभावशाली बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। वेस्टइंडीज की टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत के बारे में होप ने कहा, जिस तरह से हम खेल रहे हैं उसे निश्चित रूप से हमें बहुत आत्मविश्वास मिलता है।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती भगवतीबाई पति भेरुलाल** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 57 ऋषिनगर (गुरुशंकर नगर के पास) सिरपुर इन्दौर पिन नं. 1004027761 सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती सरिता पति श्री मनोज बुडाना** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000836490 पता 101 सुखदेव नगर इंदौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती किरण पति हरीश चौरसिया व अन्य** पता 55-56-57 तिलकपथ 103 बी प्रभात रेसीडेंसी इन्दौर झोन क्र. 03 वार्ड 57 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000888575 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# न्यूजीलैंड-श्रीलंका में भिड़ंत आज

**कोलंबो।** श्रीलंका को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ आज कोलंबो में होने वाले सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले में स्पिन गेंदबाजों के सामने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।

श्रीलंका को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ आज कोलंबो में होने वाले सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले में स्पिन गेंदबाजों के सामने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।

पाल्लेकल की धीमी पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज स्पिनरों के सामने बुरी तरह से फ्लॉप रहे और 147 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए। श्रीलंका की पिचें सह-मेजबान भारत की पिचों की तुलना में बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मुश्किल रही हैं और प्रेमदासा पिच पर भी यही सिलसिला जारी रहने की संभावना है, जहां बड़ी बाउंड्री




के कारण छक्के लगाना आसान नहीं है।

सुपर आठ के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों के शॉट चयन पर सवाल उठाए गए थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा।

श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम के खराब प्रदर्शन पर कहा, यह एक टी20 मैच है, इसलिए जाहिर है कि आप अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन जब गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही होती है, तो यह कहना आसान है, करना मुश्किल।

न्यूजीलैंड को प्रेमदासा स्टेडियम में बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान के साथ एक अंक साझा करना पड़ा। उसके पास भी कप्तान मिचेल सेंटनर सहित अच्छे स्पिनर हैं जो श्रीलंका के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

इस मैच में बारिश की संभावना नहीं है और इसलिए दोनों टीम सुपर आठ में पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेंगी।

## टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के नाम अनचाहा रिकॉर्ड

**चेन्नई।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय बल्लेबाज उस रंग में नजर नहीं आए, जिस रंग में वह टूर्नामेंट से पहले नजर आ रहे थे। तिलक वर्मा और वॉशिंगटन सुंदर टूर्नामेंट से पहले चोटिल हो गए थे, वहीं अभिषेक शर्मा की तबीयत पहले मैच के बाद बिगड़ गई थी। इसका असर भारतीय बल्लेबाजी पर साफ देखने को मिला। भारत के नाम टी20 वर्ल्ड कप 2026 में एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया के बल्लेबाज 11 बार 0 पर आउट हुए। जी हां, जिसमें अभिषेक शर्मा सबसे अधिक 3 बार 0 पर आउट हुए। फुल मेंबर नेशन द्वारा यह एक टी20 वर्ल्ड कप में दूसरा सर्वाधिक 0 पर आउट होने का रिकॉर्ड है। सिर्फ बांग्लादेश इस लिस्ट में भारत से आगे है। वहीं बात ऑलओवर रिकॉर्ड की करें तो टीम इंडिया टॉप-5 टीमों की इस लिस्ट में चौथे पायदान पर पहुंच गई है। भारत ने अफगानिस्तान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिनके बल्लेबाजों ने 2024 टी20 वर्ल्ड कप में 10 बार 0 पर आउट होने का रिकॉर्ड बनाया था। भारत के आगे इस लिस्ट में स्कॉटलैंड, युगांडा और बांग्लादेश है। स्कॉटलैंड के नाम टी20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में सबसे ज्यादा 16 बार 0 पर आउट होने का रिकॉर्ड है।

# नेट रन रेट बढ़ाना और दूसरी टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर रहना होगा




**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 में भारत को साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रनों के बड़े अंतर से हार मिली। इस हार के बाद भारत का नेट रन रेट (एनएनआर) -3.80 हो गया है। साउथ अफ्रीका का ₹3.80 है। वहीं वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को 107 रनों से हराकर अपना नेट रन रेट ₹5.350 कर लिया। भारत का अगला मैच जिम्बाब्वे से है। ग्रुप राउंड के बाद अगर भारत, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के 4-4 पॉइंट हुए तो सेमीफाइलिस्ट का फैसला नेट रन रेट से होगा। ऐसे में भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करके अपना एनएनआर प्लस में करना होगा।

**टीम इंडिया पहले बैटिंग करे तो–** भारत और जिम्बाब्वे का मुकाबला चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत 76 रनों से हारा था। जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम 77 से उससे ज्यादा रनों के जीत हासिल करती है तो नेट रन रेट प्लस में हो जाएगा। इसके लिए भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाना पड़ेगा और जिम्बाब्वे के सस्ते में समेटना पड़ेगा। टीम टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 18 बार 77 से ज्यादा रनों से जीती है।

**रन चेज में भारत को क्या करना होगा–** भारतीय टीम के लिए रन चेज में पॉजिटिव नेट रन रेट करना काफी मुश्किल होगा। पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे ने 150 रन बनाए तो भारतीय टीम को इसे 13वें ओवर में चेज कर देना होगा। इस स्थिति में नेट रन रेट पॉजिटिव हो जाएगा। अगर जिम्बाब्वे ने 180 रन बनाए तो भारत 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर टारगेज चेज करके भारत अपना नेट रन रेट प्लस में कर सकता है।

**न्यूज इन बॉक्स**

## अंडर 15 राष्ट्रीय कुश्ती के लिए मप्र टीम रवाना

**इंदौर।** अंडर 15 मध्यप्रदेश कुश्ती टीम का कैप्टन ईशांत पाल को बनाया गया।



ओलंपियन पप्पू यादव ने कहा इंदौर के बालकों के धुंआधार प्रदर्शन राज्य कुश्ती जबलपुर में 18 स्वर्ण 2 रजत जीते। कुश्ती दल राष्ट्रीय कुश्ती में 26 से 1 मार्च तक खेलेंगे । फ्री स्टाइल- राजवीर यादव,ईशांत पाल(केप्टन), अर्जुन यादव, राज बागरी, रोहित बागरी, विवेक यादव, हृषित प्रजापत, आरव गरिजे, रुद्राक्ष पंटून, माधव विश्नोई। **ग्रीकोरोमन-** वेदान्त राठौर, धीरेंद्र यादव, कृष्ण यादव, श्लोक प्रजापत, मोहित बौरासी, नैतिक कुमार, प्रिंस पटेल, शियांश बुर्हह, श्याम यादव, वैध्य जोशी। **बालिका-** शालिनी सेन, नव्या पाल, अपेक्षा बैस, वंशिका वर्मा, प्राची टाटाव, प्रियांशी कौशक, अंजलि प्रजापत, निधिका पाल, टिया कांत, जयश्री वर्मा राष्ट्रीय कुश्ती में जा रहे । मध्यप्रदेश टीम के कोच होंगे खण्डवा के जगदीश पटेल,जबलपुर के आदित्य रेकबार, इंदौर के योगेश यादव(रिंकू),दमोह के धर्मेन्द्र, अमर सिंह इंदौर। नई पौध से पदक जीतने की कामना ओलम्पियन पप्पू यादव,विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री,सुरेश यादव,गोविन्द गुज्जर,विकाश यादव,केजेश यादव ने की हैं।

# नितिन लश्करी को तिहरी सफलता

### मनीष, अंकित, विपुल, दीपा, मोहनलाल, सत्येंद्र, अमर, प्रतीक, दिलनाज को दोहरी सफलता



**इंदौर।** जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित सिम्बायोटेक ट्रॉफी 9वीं इंदौर जिला मास्टर्स (वेटरन्स) बैडमिंटन स्पर्धा में नितिन लश्करी ने 45+ में तीनों खिताब एकल, युगल और मिश्रित युगल जीतकर तिहरी सफलता हासिल की । मनीष त्रिवेदी, अंकित मोहता, अमर चंदनानी, विपुल बिंदल, दीपा व्यास, दिलनाज अंकलेसरिया, सत्येंद्र होल्कर, प्रतीक गुजराती, मोहनलाल बर्फा ने दोहरी सफलता अर्जित की, अनिल बारगल 70 वर्ष और रितेश चंदानी 60 वर्ष पुरुष एकल में विजेता रहे। किरण देशमुख और आर पी सिंह नैयर 65 पुरुष युगल में उलटफेर कर विजेता बने, कमल नवलानी और विनय रामचंदानी ने अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखते हुए 65+ पुरुष युगल का खिताब जीता, प्राची चैबे 35 वर्ष महिला एकल में विजेता रही ।

नेहरु स्टेडियम बैडमिंटन हाल में हुई इस स्पर्धा में नितिन लश्करी ने 45 वर्ष पुरुष एकल का खिताब फाइनल में हरिओम राठौर के 21-16, 21-7 से हराकर लगातार दूसरी बार जीता । नितिन और प्रकाश डोडेजा ने 45+ पुरुष युगल फाइनल में दिनेश पाहुजा और विनोद आचार्य को 21-19, 13-21, 21-14 से हराया । 45+ मिश्रित युगल फाइनल में नितिन लश्करी और दीपा व्यास ने विशाल चांदवानी और प्राची चौबे को 19-21, 21-14, 21-10 से पराजित किया । दीपा व्यास ने 50+ महिला एकल फाइनल में जयश्री यादव को 21-13, 21-17 से और 35+ महिला एकल फाइनल में प्राची चौबे ने रिशु राय को 21-14, 21-16 से हराया।

म.प्र उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पी के द्विवेदी और न्यायाधीश हिमांशु जोशी ने सिम्बायोटेक के निदेशक सुशील सतवानी की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण किया । अतिथियों का स्वागत इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्ष डॉ अनिल भंडारी, सचिव आर पी सिंह नय्यर और सह सचिव धर्मेश यशलहा, रुचि श्रीवास्तव, मनीष त्रिवेदी ने किया । इस अवसर पर अनिल सतवानी, कमलप्रीत कौर नैयर, पूर्व राज्य बैडमिंटन विजेता संजीवनी ढवले और वंदना देवगिरिकर भी मौजूद थे । सुधांशु व्यास ने संचालन किया।

## नायर क्रिकेट एकेडमी की रोमांचक जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में आज एनसीए एवं देव्ज एकेडमी के मध्य मैच खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 8 विकेट पर 145 रन बनाये । अभिषेक राठौर ने आक्रामक 78 रन 6 चौके 6 छक्के एवं लकी मिश्रा ने 40 रन बनाये । मोहित पटेल ने 2 विकेट लिये । जवाब में देव्ज एकेडमी की टीम 20 ओवरो में 9 विकेट पर 132 रन ही बना पाई और यह मैच 13 रनों से रोमांचक अंदाज में हार गई । यश मालाकार ने 45 रन एवं देव बरनाले ने 35 रन बनाए । वेदांत चौकसे व साहिल शेख ने 3-3 विकेट लिये।

### देव्ज एकेडमी की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच दुधिया रोशनी ने देव्ज एकेडमी एवं इंदौर कोल्टस के मध्य खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 8 विकेट खोकर 191 रन बनाये। लारेब अली ने 43 रन एवं हर्षित यादव ने 39 रन बनाये। पियुष द्विवेदी ने 4 विकेट लिये । जवाब में इंदौर कोल्टस की टीम 10 ओवरो में 39 रनों पर सिमट गई और यह मैच 152 रनों के विशाल अंतर से हार गई । मृदुल शुक्ला ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3.3 ओवरो में 3 मैदान करते हुए बिना कोई रन देकर 5 विकेट लिये तथा हर्ष व अथर्व ने 2-2 विकेट लिये। इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एलएसजीसीए एवं एमबीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एलएसजीसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 5 विकेट खोकर 155 रन बनाये । मयंक तिवारी ने 66 रन व कार्तिक यादव ने 51 रन बनाये।

# सलमान आगा ने बताया किसकी वजह से हारे मैच

**कोलंबो।** पाकिस्तान को मंगलवार 24 फरवरी की रात इंग्लैंड के हाथों सुपर-8 मुकाबले में 2 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ पाकिस्तान की सेमीफाइनल की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है क्योंकि अब उनका सेमीफाइनल में पहुंचना ना पहुंचना दूसरी टीमों पर निर्भर है। पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए साहिबजादा फरहान की 63 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर 164 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर का पीछा करते हुए इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने शतक जड़ा और टीम को जीत दिलाई। हैरी ब्रूक टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में शतक जड़ने वाले पहले कप्तान बने। पाकिस्तान के कप्तान सलमाना आगा ने हैरी ब्रूक को ही इस मैच में सबसे बड़ा अंतर बताया। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने मैच के बाद कहा, बैट से शुरुआत तो अच्छी हुई, लेकिन हम जैसा चाहते थे वैसा फिनिश नहीं कर पाए। आखिर में, कभी-कभी आपको विरोधी टीम को क्रेडिट देना पड़ता है। हैरी ब्रूक ने जिस तरह से बैटिंग की वह शानदार थी - उसने गेम पूरी तरह से हमसे छीन लिया।

**तेजाजी नगर पुलिस ने सुलझाई अपहरण और लूट की गुत्थी**

# टक्कर के बाद कार सवार का अपहरण कर लूटने वाले 5 बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

तेजाजी नगर पुलिस ने बायपास पर हुई अपहरण और लूट की एक सनसनीखेज वारदात का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल हुंडई ओरा कार और लूटा गया कीमती सामान बरामद किया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है। पकड़े गए सभी आरोपी पुराने अपराधी हैं, जिनके खिलाफ बाणगंगा, चंदननगर, एरोड्रम



और हातोद जैसे विभिन्न थानों में लूट, मारपीट और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं।

इस मामले में फरियादी तनिष्क पिता महेश बैरागी, निवासी संस्कृति पैराडाइज राऊ ने पुलिस को बताया कि 23 फरवरी को जब वह अपनी कार से घर जा रहा था, तभी कैलोद फाटा बायपास रोड पर पीछे से आ रही हुंडई ओरा कार एमपी-07 झेडझेड 2649 के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जब तनिष्क ने कार साइड में खड़ी कर नीचे उतरकर देखा, तो पीछे वाली कार से तीन व्यक्ति उतरे और उन्हें जबरन अपनी कार में खींच लिया। आरोपियों ने उनके साथ थप्पड़ और घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर करीब आधे घंटे तक बायपास पर घुमाते रहे। इस दौरान बदमाशों ने तनिष्क की सोने की अंगूठी, ब्रेसलेट, घड़ी और मेटा ग्लासेस चश्मा लूट लिया। छीना-झपटी के दौरान तनिष्क के गले की सोने की चेन भी वहीं कहीं गिर गई। वारदात के बाद आरोपी उन्हें मायाखेड़ी क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस ने मुखबिर तंत्र, साइबर सेल और सीसीटीवी फुटेज की मदद से घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को धरदबोचा। गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान नितेश, अर्जुन, सुक्सिन तीनों निवासी बाणगंगा और विजय व संजय निवासी चंदननगर के रूप में हुई है। पुलिस अब इन बदमाशों से अन्य वारदातों के संबंध में भी कड़ी पूछताछ कर रही है ताकि शहर में हुई अन्य अनसुलझी लूट की घटनाओं का सुराग लगाया जा सके।

# 3.40 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ मुंबई की महिला गिरफ्तार

**हैंड बैग में छिपाकर लाई थी नशा**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

**शहर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई आरोपी महिला के कब्जे से करीब 34.6 ग्राम अवैध मादक पदार्थ 'एमडी' बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 3,40,000 रुपये आंकी गई है। आरोपी महिला मुंबई से ड्रग्स लाकर इंदौर में खपाने की फिराक में थी।**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश कर रही थी, तभी सांवरिया ग्रीन्स मैरिज गार्डन के सामने, रीजनल पार्क के पास एक महिला संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। पुलिस वाहन को देखते ही महिला ने भागने की कोशिश की और हड़बड़ाने लगी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे रोका और पूछताछ की, तो वह गोलमोल जवाब देने लगी। महिला आरक्षक द्वारा ली गई तलाशी में उसके हैंड बैग के अंदर से एक पारदर्शी पन्नी मिली, जिसमें एमडी ड्रग्स भरा हुआ था।

पूछताछ में आरोपी महिला ने अपना नाम फातिमा मंसूरी निवासी मुंबई, महाराष्ट्र बताया। आरोपी ने पुलिस को जानकारी दी कि वह केवल 12वीं कक्षा तक पढ़ी है और घर-घर जाकर खाना बनाने का काम करती है। उसने कबूल किया कि वह अवैध लाभ कमाने के लालच में मुंबई से सस्ते दामों में ड्रग्स खरीदकर इंदौर लाती थी और यहाँ नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर बेचती थी। क्राइम ब्रांच ने आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इंदौर में उसके संपर्क किन लोगों से थे और वह यह खेप किसे सप्लाई करने वाली थी।

# रेलवे फाटक के बीच फंसी कार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





केशरबाग रेलवे क्रासिंग पर कल एक कार रेलवे फाटक के बीच फंस गई। चालक की लापरवाही से यह घटना हुई। हालांकि कुछ लोगों का कहना था कि इसमें लापरवाही फाटक संचालक की भी है। कार जब पटरी पार कर रही थी इसी दौरान फाटक लग गया। हालांकि यह फाटक अचानक नहीं लगता है, इसके लिए धीरे-धीरे करके इसे बंद किया जाता है। ऐसे में कार चालक को ध्यान रखना चाहिए था कि एक ओर से अगर वह निकल भी गया तो दूसरी ओर जाकर फंस जाएगा। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद एक बार फिर यहां ओव्हरब्रिज के लिए मांग उठी है। लोगों ने कार चालक को समझाइश भी दी और बड़ी अनहोनी से उसे बचा लिया।

# उत्पात मचाने वाले बदमाश का पुलिस ने निकाला जुलूस, कान पकड़कर मांगी माफी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

चंदन नगर, छत्रीपुरा और एरोड्रम क्षेत्र में सोमवार रात पत्थरबाजी कर वाहनों के कांच फोड़ने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले में एक आरोपी आरोपी ध्रुव पिता पंकज करोसिया निवासी हरिजन कालोनी को छत्रीपुरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।जबकि उसके एक नाबालिग साथी को चंदन नगर पुलिस ने हिरासत में लिया है।आरोपियो ने राजनगर, रामानंद नगर और पंचमूर्ति नगर सहित कई इलाकों में करीब 15 वाहनों को निशाना बनाया था। वारदात का मकसद चोरी नहीं, बल्कि क्षेत्र में दहशत फैलाना था, जिसमें पूर्व पार्षद राजेश चौहान सहित कई टैक्सी चालकों की गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई थीं।छत्रीपुरा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए घेराबंदी की और मुख्य आरोपी ध्रुव को गिरफ्तार कर उसी इलाके में उसका जुलूस निकाला जहाँ उसने तोड़फोड़ की थी। इस दौरान बदमाश सरेआम कान पकड़कर उठक-बैठक



लगाते हुए 'अपराध करना पाप है' के नारे लगाता नजर आया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जबकि उनके फरार साथी बाबू की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक पवन नरवरे, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र आरक्षक अरुण चौहान, जितेंद्र की मुख्य भूमिका रही।





# सोना-चांदी का काम करने वाले बंगाली की दुकान में लगी आग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सराफा और बर्तन बाजार के बीच स्थित धान गली के गंगा मार्केट, जो कौशल परिहार का है, इसमें दुकानें भी है और इसमें नईम नामक बंगाली कारीगर की दुकान है, यहां शॉट सर्किट से आज सुबह आग लग गई। दुकान में रखे टेबल कुर्सी और गादी जल गए। इसके अलावा कोई बड़ी नुकसानी नहीं हुई है।

## अंतिम संस्कार के दौरान खूनी संघर्ष, दादी की अर्थी को कंधा देने पर भिड़े परिजन

**इंदौर।** चन्द्रवतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पोटलोद में पारिवारिक बंटवारे की कड़वाहट एक बुजुर्ग महिला की अंतिम विदाई के समय सड़क पर आ गई। दादी की अर्थी को कंधा देने की बात पर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि परिजनों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने इस मामले में एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी दिलीप (40 वर्ष), निवासी ग्राम छडोदा, अपने पिता के साथ अपनी दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ग्राम पोटलोद पहुँचे थे। जब शव यात्रा की तैयारी हो रही थी और दिलीप ने अपनी दादी की अर्थी को कंधा देने के लिए हाथ लगाया, तभी उनके काका प्रहलाद मालवीय और उनके बेटों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया। फरियादी दिलीप का आरोप है कि परिवार में संपत्ति के बंटवारे के बाद से ही काका प्रहलाद मालवीय, निलेश, पंकज और घनश्याम उनसे रंजिश रखते थे। इसी पुरानी दुश्मनी के चलते आरोपियों ने शोक की घड़ी में भी उन पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा होने पर वहां मौजूद अन्य रिश्तेदारों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने दिलीप की शिकायत पर चारों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।